# इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के नियम और शर्तें

## 04 दिसंबर 2024  से प्रभावी

ये नियम और शर्तें (शर्तें) इंडियन बैंक लिमिटेड (बैंक) द्वारा जारी किए गए इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर लागू होती हैं, जो इसके को-ब्रांडिंग भागीदार वन कॉन्स्यूमर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड) के साथ को-ब्रांडेड साझेदारी के अनुसार है। वनकार्ड एप्लिकेशन से अपने कार्ड को सक्रिय करने या 'जमा करें' या 'मैं सहमत हूँ' या इसी तरह के किसी टैब/आइकन पर क्लिक करने का मतलब कार्डधारक/कार्ड सदस्य (आप) द्वारा नीचे दिए गए नियमों और शर्तों को स्वीकार करना होगा।

वर्तमान में लागू इन शर्तों को आखिरी बार 3 अक्टूबर, 2023 को अपडेट किया गया था और इनमें समय-समय पर बदलाव किए जा सकते हैं। नवीनतम संस्करण  हमेशा बैंक की वेबसाइट के साथ-साथ वनकार्ड ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा।

**1 . परिभाषाएँ और व्याख्याएँ:**

1. "आवेदक" का मतलब वह व्यक्ति है, जिसने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन किया है।

1.2. "एप्लीकेशन/ऐप / वनकार्ड ऐप" का मतलब वनकार्ड मोबाइल एप्लीकेशन है, जिसके माध्यम से कार्ड सदस्य इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के सभी पहलुओं को नियंत्रित कर सकता है।

1.3. 1. 3. "ऐप पिन" का मतलब वनकार्ड मोबाइल एप्लिकेशन से कार्ड सदस्य द्वारा बनाई गई व्यक्तिगत पहचान संख्या है , जो वनकार्ड मोबाइल एप्लिकेशन की हिफाजत और पासवर्ड से सुरक्षित रखता है।

1.4. "अधिकृत डीलर" का मतलब विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 में परिभाषित अधिकृत डीलर से है, जो समय-समय पर संशोधन के अधीन है।

1.5. 1. 5. "बैंक" का मतलब इंडियन बैंक से होगा, जो इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारी करता है।

1.6. 1.6. "कामकाज के दिन" का तात्पर्य उन सभी दिनों से है, जिस दिन बैंक का संबंधित कार्यालय सामान्य व्यावसायिक लेन-देन के लिए खुला रहता है।

1.7. "कार्ड सदस्य/कार्ड धारक" का मतलब वह व्यक्ति है, जिसे इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारी किया गया है।

1.8. "नकद सीमा" का मतलब वह अधिकतम नकद राशि है, जो एक कार्ड सदस्य इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके ऑटोमेटेड टेलर मशीन (ए. टी. एम.) से निकाल सकता है। यह नकद सीमा, कार्ड सदस्य की स्वीकृत क्रेडिट सीमा का हिस्सा है।

1.9. "प्रभार" का मतलब ऐसा शुल्क है, जो इसके खंड 8 में निर्धारित किए गए हैं या इन शर्तों में कहीं भी उल्लिखित हैं। यहाँ उल्लिखित शुल्कों के सभी विवरण एम. आई. टी. सी. में दिए गए अनुसार होंगे जब तक कि विशेष रूप से कार्ड सदस्य को सूचित नहीं किया जाता है, जैसा कि समय-समय पर संशोधित किया जाता है।

1.10. "क्रेडिट सीमा/खरीद सीमा" का मतलब वह सीमा है, जिसके लिए एक कार्ड सदस्य को ऑनलाइन/ऑफ़लाइन व्यापारी प्रतिष्ठान में खरीदारी हेतु लेनदेन के लिए इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने के लिए अधिकृत किया गया है।

1.11. "ग्राहक सेवा" का मतलब उन सभी सहायता एवं सेवाओं से है, जो बैंक द्वारा अधिकृत एफ.पी.एल. की ओर से ग्राहकों को दी जाती है।

1.12. “फिंगरप्रिंट लॉक” का मतलब कार्डधारक के फिंगरप्रिंट को लॉकिंग तंत्र के रूप में उपयोग करके वनकार्ड मोबाइल एप्लिकेशन को सुरक्षित करना है।

1.13. "एफपीएल" का मतलब है एफपीएल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, जो बैंक द्वारा नियुक्त एक अधिकृत आउटसोर्स सेवा प्रदाता है। इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के प्रबंधन की जिम्मेदारी एफ. पी. एल की है।

1.14. "व्यापारिक प्रतिष्ठान" का तात्पर्य उन सभी प्रतिष्ठानों से है, जो इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को स्वीकार करते हैं। इसमें स्टोर्स, दुकान, रेस्तरां, होटल, एयरलाइंस, ए. टी. एम. सहित नकद अग्रिम केंद्र और मेल ऑर्डर विज्ञापनदाता (चाहे खुदरा विक्रेता, वितरक या निर्माता) सहित अन्य प्रतिष्ठान शामिल होंगे। साथ ही, इसमें ऐसे प्रतिष्ठान शामिल होंगे जो ऑनलाइन लेनदेन के लिए इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को स्वीकार करते हैं।

1.15. "व्यापारी" का तात्पर्य ऐसे किसी व्यक्ति से है, जो व्यापारिक प्रतिष्ठान, उसके उत्तराधिकारियों और अनुमत असाइनियों का स्वामित्व रखता है, उनका प्रबंधन करता है या संचालन करता है।

1.16. "न्यूनतम देय राशि" या "एम.ए.डी." का अर्थ इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में उल्लिखित राशि है, जो वह न्यूनतम भुगतान है जो कार्डधारक को कार्ड खाते को अच्छी स्थिति में रखने के लिए भुगतान की देय तिथि तक करना होगा।

1.17. "एम.आई.टी.सी." का मतलब वह दस्तावेज (जैसा कि यहां अनुलकनक I में दिया गया है) है, जिसमें इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर दी जाने वाली सेवाओं के लिए लागू

शुल्कों की अनुसूची के साथ सबसे महत्वपूर्ण नियम एवं शर्तें उल्लेखित हैं। ये शुल्क बैंक के विवेकाधिकार पर परिवर्तन के अधीन हैं। हालांकि, शुल्कों में इस तरह के बदलाव केवल कार्ड सदस्य को 30 दिनों की पूर्व सूचना देने के संभावित प्रभाव के साथ किए जा सकते हैं।

1.18. "इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड" का मतलब है वनकंज्यूमर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (वनकंज्यूमर) के साथ को-ब्रांडेड साझेदारी के तहत इंडियन बैंक द्वारा जारी किया गया को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड, जिसे बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाता के रूप में एफ.पी.एल. टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रबंधित किया जाता है।

1.19. "इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड अकाउंट" का मतलब वह अकाउंट है, जिसे यहां दिए गए नियमों और शर्तों के अनुसार इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के उपयोग के उद्देश्य से कार्डधारक के नाम पर खोला गया है।

1.20. "वनकार्ड पिन" का मतलब है वनकार्ड एप्लीकेशन से कार्डधारक द्वारा बनाया गया व्यक्तिगत पहचान नंबर, जो इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के संभावित दुरुपयोग के खिलाफ सुरक्षा उपाय के रूप में कार्य करता है।

1.21. "भुगतान की देय तिथि" का मतलब हर महीने की वह तिथि है, जिस दिन इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के उपयोग पर लगने वाले शुल्क का भुगतान करना होता है।

1.22. 'व्यक्ति' का अर्थ होगा कोई भी व्यक्ति, फर्म, निगम, व्यक्तियों का संघ, सीमित देयता कंपनी, स्वैच्छिक संघ, साझेदारी, संयुक्त उद्यम, न्यास, सीमित संगठन, समाज, अनिगमित संगठन, सरकारी प्राधिकरण या कानूनी मान्यता रखने वाली अन्य कानूनी इकाई या संगठन।

1.23. "प्राथमिक कार्ड सदस्य" वह व्यक्ति है, जिसके नाम पर कार्ड अकाउंट खोला गया है और जिसे इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारी किया गया है; ("आप")

1.24. “आर.बी.आई.” का मतलब भारतीय रिजर्व बैंक है।

1.25 "रिवॉर्ड्स कार्यक्रम" के तहत कार्डधारक को वैध लेनदेन पर रिवॉर्ड पॉइंट प्राप्त होते हैं, जिन्हें वह रिडीम कर सकता है।

1.26. "विवरण" का मतलब कार्डधारक को भेजा जाने वाला मासिक खाता विवरण है, जिसमें इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर लगने वाले शुल्कों की सूची के साथ-साथ देय राशि और भुगतान की तिथि भी शामिल होती है।

1.27. "अतिरिक्त कार्ड सदस्य/ अतिरिक्त कार्ड धारक/ पूरक कार्ड सदस्य/पूरक कार्ड धारक" का मतलब प्राथमिक कार्ड सदस्य के परिवार के उस सदस्य से है, जो प्राथमिक कार्ड सदस्य के साथ रिश्ते के आधार पर कार्ड सदस्य बन जाते हैं।

1.28. "कुल देय राशि" या "टीएडी" का मतलब विवरण में बताई गई कुल बकाया राशि है।

1.29. "लेनदेन संबंधी निर्देश" का मतलब ऐसे किसी भी निर्देश से है, जो कार्डधारक द्वारा ऐप और/या ग्राहक सेवा के माध्यम से लेनदेन को प्रभावी करने के लिए दिया जाता है।

1.30. "वर्चुअल क्रेडिट कार्ड" का मतलब इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की वर्चुअल स्वरूप में मौजूदगी होगा, जिसका उपयोग ऑनलाइन या ऐप-आधारित लेनदेन के लिए किया जा सकता है।

1.31. "वेबसाइट" का मतलब वनकार्ड वेबसाइट होगा, जिसका स्वामित्व और रखरखाव एफ.पी.एल. द्वारा URL https://www.getonecard.app पर किया जाएगा।

1. 32. "रिवार्ड पॉइंट्स" का मतलब रिवार्ड्स प्रोग्राम के तहत दिया जाने वाला पॉइंट्स है।

1.33. "किराया भुगतान" कार्डधारक को कार्यक्रम की शर्तों के अनुसार वन को-ब्रांडेड का उपयोग करके किराए का भुगतान करने की सुविधा देता है।

1.34. "हम" या "हमें" का अर्थ बैंक, वनकंज्यूमर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और/या इसके सेवा प्रदाताओं सहित इसके किसी भी अधिकृत कर्मचारी से होगा।

**2 . कार्ड सेवाएँ :**

इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड बैंक की संपत्ति है। आप इस बात पर सहमति देते हैं कि, बैंक को इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड से संबंधित कोई भी जानकारी साझा करने का अधिकार होगा, जिसमें इंडियन बैंक वन सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर किए गए किसी भी लेनदेन को बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाताओं सहित किसी भी व्यक्ति के साथ साझा करना शामिल है। इन शर्तों के तहत, बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाता द्वारा की गई किसी भी कार्रवाई को बैंक द्वारा अधिकृत माना जाएगा।

बैंक या बैंक द्वारा अधिकृत कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित का अधिकार सुरक्षित रखता है:

2.1. क्रेडिट ब्यूरो रिपोर्ट और अन्य रिपोर्ट प्राप्त करके अपनी क्रेडिट योग्यता का पता लगाएं, जैसा कि आवश्यक हो; तथा

2.2. वे अपने विवेकानुसार आपको इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारी करने से मना कर सकते हैं। इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड हस्तांतरणीय नहीं है, और इसका उपयोग यहां दिए गए शर्तों और समय-समय पर बैंक द्वारा निर्धारित अतिरिक्त शर्तों के अधीन है।

2.3. वे इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के आरक्षित होने से लेकर जारी होने तक की योग्य क्रेडिट सीमा को बदल सकते हैं।

2.4 के.वाई.सी. (अपने ग्राहक को जानें) से संबंधित मानदंडों और अन्य दिशा-निर्देशों को पूरा करने के बाद इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के एक्टिवेशन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं। कृपया इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड प्राप्त होते ही उसके पीछे तुरंत हस्ताक्षर करें। वनकार्ड ऐप और कस्टमर केयर विकल्प सभी कार्ड सदस्यों के लिए उपलब्ध हैं। ऐप और/या ग्राहक सेवा के माध्यम से क्रेडिट सीमा में वृद्धि, लेनदेन के संबंध में पूछताछ, कुल देय राशि, विवरण विवरण, भुगतान की देय तिथि आदि सहित किसी भी सेवा/सुविधा का लाभ उठाने वाले कार्डधारक हर समय सेवाओं/सुविधाओं और ऐसी सुविधाओं/सेवाओं का लाभ उठाने के तरीके के संबंध में निर्धारित शर्तों से बंधे रहेंगे, जिनमें समय-समय पर संशोधन किया जाता है।

**3 . वनकार्ड मोबाइल एप्लीकेशन ·**

आप इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को बेहद प्रभावशाली वनकार्ड मोबाइल एप्लिकेशन से नियंत्रित कर सकते हैं, जिनमें से कुछ कार्य इस प्रकार हैंः

3.1. अपना ऐप पिन सेट करें

3.2. अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांड क्रेडिट कार्ड को एक्टिवेट करें।

3.3. इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के बिल का भुगतान करें

3.4. अपने वर्चुअल क्रेडिट कार्ड का प्रबंधन करें

3.5. अपनी क्रेडिट और नकदी निकासी सीमा पर नियंत्रण रखें

3.6. ऑनलाइन, घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय उपयोग को सक्षम करें

3.7. अपना इंडियन बैंक वन सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पिन सेट करें (प्वाइंट ऑफ सेल और ए.टी.एम. पर उपयोग के लिए)

3.8. अपने इंडियन बैंक वन सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के किसी भी पहलू पर विवाद या सेवा के संबंध में सवाल उठाएं

3.9 जमा हो चुके रिवॉर्ड पॉइंट्स को रिडीम करें

3.10 किराया भुगतान सुविधा का उपयोग करके किराया का भुगतान और प्रबंधन करें

3.11 परिवार के सदस्यों के लिए ऐड-ऑन कार्ड को चालू करें और उसकी देख-रेख करें

**4 . वर्चुअल क्रेडिट कार्ड ··**

4.1. आपको इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के अलावा, उसी इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का एक वर्चुअल संस्करण भी प्राप्त होगा, जो ऑन-बोर्डिंग प्रक्रिया के हिस्से के रूप में ऐप पर उपलब्ध होगा।

4.2. यह वर्चुअल कार्ड भी एक वीजा संचालित क्रेडिट कार्ड है, जिसका उपयोग आप किसी भी ऑनलाइन या मोबाइल एप्लिकेशन-आधारित लेनदेन या खरीदारी के लिए कर सकते हैं। सुरक्षा मानक उद्योग मानकों के अनुसार निर्धारित किए जाते हैं।

**5 . इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग ·**

5.1. आपका इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैध क्रेडिट कार्ड है और नीचे दिए गए खंड 5.13 में दिए गए प्रावधानों को छोड़कर दुनिया भर में मान्य है। इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड वीजा कार्ड स्वीकार करने वाले किसी भी व्यापारिक प्रतिष्ठान पर स्वीकार्य है। कृपया इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग केवल अपने व्यक्तिगत या आधिकारिक उद्देश्य के लिए करें।

5.2. बैंक नियामक प्रतिबंधों, तकनीकी कठिनाइयों और अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण इंडियन  बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के उपयोग को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, लेकिन यह सिर्फ इन तक ही सीमित नहीं है।

5.3. किसी भी व्यापारिक प्रतिष्ठान को किसी भी समय, किसी भी कारण से उस व्यापारिक प्रतिष्ठान में इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के उपयोग से इनकार करने का अधिकार है।

5.4. आपके द्वारा प्राप्त सेवाओं के लिए व्यापारिक प्रतिष्ठान द्वारा लगाए गए किसी भी शुल्क का निपटान सीधे व्यापारी प्रतिष्ठान के साथ किया जाएगा और बैंक, एक उपभोक्ता या बैंक के किसी भी अधिकृत सेवा प्रदाता को किसी भी तरह से उनके लिए या प्राप्त सेवा की गुणवत्ता या खरीदी गई वस्तुओं के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जाएगा। व्यापारिक प्रतिष्ठान में इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने पर, यह सुझाव दिया जाता है कि आप लेनदेन/भुगतान पर्ची की एक प्रति प्राप्त करें।

5.5. अगर आप हमें विवरण की तारीख के [30 दिनों] के भीतर  के भीतर किसी भी विसंगति के बारे में सूचित नहीं करते हैं, तो विवरण में दी गई सभी बातों को सही और स्वीकृत मानी जाएगा। बिलिंग विवादों/विसंगतियों की स्थिति में, हम ऐसे लेनदेन के लिए देयता की जांच और पुष्टि करेंगे। कुछ विवादों के लिए, आपको जांच की अवधि के दौरान एक अस्थायी क्रेडिट की पेशकश की जा सकती है, जिसे जांच के नतीजे के आधार पर लागू शुल्कों के साथ वापस

किया जा सकता है। फीस एवं शुल्क या ब्याज पर किसी भी विवाद पर लगाया गया जी. एस. टी. वापस नहीं लिया जाएगा।

5.6. आप इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग इस प्रकार कर सकते हैंः

5.6.1. आपको सूचित की गई क्रेडिट सीमा के भीतर; तथा

5.6.2. इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर प्रदर्शित समाप्ति तिथि के महीने की अंतिम तिथि के बाद नहीं।

5.7. इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने का आपका अधिकार तत्काल निर्धारित किया जाएगा:

5.7.1. नीचे दिए गए खंड 7 के अनुसार समाप्ति की स्थिति में; या

5.7.2. इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के खो जाने/दुरुपयोग या चोरी हो जाने की स्थिति में

5.8 इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के नवीनीकरण और/या प्रतिस्थापन और/या बंद करने के लिए कोई भी अनुरोध कार्ड-सदस्य द्वारा ग्राहक सेवा के माध्यम से या वनकार्ड ऐप के माध्यम से किया जाएगा। ये शुल्क बैंक के विवेकाधिकार पर परिवर्तन के अधीन हैं।

5.9. प्रत्येक इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर किसी भी समय कुल क्रेडिट सीमा और कुल नकद सीमा बैंक के पूर्ण विवेक पर निर्धारित की जाती है।

5.10. आप इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड और बैंक के साथ सभी लेनदेन के संबंध में हर समय अच्छे नेक नीयत से कार्य करेंगे।

5.11. आपको जारी किया गया इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड नेपाल और भूटान में व्यापारिक प्रतिष्ठानों को छोड़कर विदेशी मुद्रा में भुगतान के लिए दुनिया भर में मान्य है। नेपाल या भूटान में विदेशी मुद्रा में भुगतान के लिए इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग "विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम" (फेमा) या किसी अन्य संबंधित कानून का उल्लंघन होगा। आप इन शर्तों के उल्लंघन में गलत उपयोग के लिए पूरी जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं और बैंक, वनकंज्यूमर और बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाताओं को किसी भी नुकसान, क्षति, ब्याज, रूपांतरण, किसी भी अन्य वित्तीय शुल्क को पूरा करने के लिए क्षतिपूर्ति करने के लिए सहमत हैं जो बैंक, वनकंज्यूमर और बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाताओं को आपके द्वारा इसके प्रावधानों के उल्लंघन के परिणामस्वरूप हो सकता है और / या भुगतना पड़ सकता है।

5.12. आर.बी.आई. के 15 जनवरी, 2020 के सर्कुलर के अनुसार, आपका इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारी करते समय भारत में केवल संपर्क आधारित पीओएस या एटीएम पर उपयोग के लिए सक्षम होगा। वनकार्ड ऐप से आपको ऑनलाइन लेनदेन (घरेलू और

अंतर्राष्ट्रीय), अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन और संपर्क रहित लेनदेन को सक्षम या अक्षम करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

5.13. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्य अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग इंटरनेट पर या अन्य किसी माध्यम से लॉटरी टिकट, प्रतिबंधित या निषिद्ध पत्रिकाओं जैसी प्रतिबंधित वस्तुओं की खरीद, स्वीपस्टेक में भाग लेने, कॉलबैक सेवाओं के लिए भुगतान, विदेशी विदेशी मुद्रा व्यापार के लिए किसी भी रूप में धन प्रेषण, विदेशी एक्सचेंजों/विदेशी प्रतिपक्षों को मार्जिन कॉल, घरेलू/विदेशी बाजारों में विदेशी मुद्रा में व्यापार आदि के लिए न करें।

5.14. अधिकृत डीलर भारत से बाहर किए गए निर्यात के लिए इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड से डेबिट द्वारा भुगतान स्वीकार कर सकते हैं, भले ही आयातक ग्राहक भारत के दौरे पर हो या नहीं। इसलिए, अधिकृत डीलर किसी आयातक के इंडियन बैंक वन सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को डेबिट करके भारत से बाहर किए गए निर्यात के लिए भुगतान प्राप्त कर सकते हैं, जहां इंडियन बैंक वन सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बैंक/संगठन से विदेशी मुद्रा में प्रतिपूर्ति प्राप्त होगी।

5.15. बैंक, कार्डधारक को कोई कारण बताए बिना इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर प्राधिकरण अनुरोधों को अस्वीकार करने या स्वीकार करने का पूर्ण विवेक और स्वतंत्रता सुरक्षित रखता है।

5.16. इसके अलावा, आप सहमत हैं कि आप इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग किसी भी अवैध / गैरकानूनी खरीद / उद्देश्यों के लिए भुगतान के रूप में नहीं करेंगे। इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग केवल वैध, प्रामाणिक व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए किया जाना चाहिए और इसका उपयोग किसी भी मनी लॉन्ड्रिंग, असामाजिक या सट्टेबाजी गतिविधियों के लिए नहीं किया जाना चाहिए या अपने कारोबार में व्यावसायिक रूप से उपयोग (उदाहरण के लिए कार्यशील पूंजी उद्देश्यों के लिए) नहीं किया जाना चाहिए।

5.17. अगर इंडियन बैंक वन सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग निषिद्ध, प्रतिबंधित, वाणिज्यिक उद्देश्यों या खंड 5.15 में उल्लिखित किसी भी उद्देश्य के लिए किया जाता पाया जाता है, तो संबंधित इंडियन बैंक वन सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड और पूरक कार्ड आपको बिना किसी सूचना के बंद किए जा सकते हैं।

5.18. बैंक और उसके अधिकृत प्रतिनिधियों को फोन पर या किसी अन्य औपचारिक संचार माध्यम से पूछताछ करने तथा इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लेन-देन, उपयोग के पैटर्न आदि के बारे में विवरण, सूचना, प्रमाण आदि मांगने का अधिकार है और आप अनुबंध

के तहत अनुरोध किए जाने पर मांगी गई ऐसी कोई भी जानकारी प्रदान करने के लिए बाध्य हैं।

आपके द्वारा असंतोषजनक उत्तर दिए जाने या कोई उत्तर न दिए जाने पर आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड अकाउंट को ब्लॉक या समाप्त किया जा सकता है। इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर लेनदेन की अनुमति, केवल उस समय इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाते पर कुल क्रेडिट सीमा की अप्रयुक्त राशि तक ही होगी।

5.19 कार्डधारक को इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र में बताए गए अपने नाम, पते, संपर्क नंबर और ईमेल आईडी में किसी भी बदलाव के बारे में बैंक या उसके अधिकृत प्रतिनिधियों को तुरंत सूचित करना होगा। बैंक या उसके अधिकृत प्रतिनिधियों को अपने रिकॉर्ड में कार्डधारक के पते को बदलने का अधिकार सुरक्षित है, अगर पते में ऐसा बदलाव बैंक या उसके अधिकृत प्रतिनिधियों के ध्यान में आता है। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी पूरी तरह से कार्डधारक की होगी कि बैंक या उसके अधिकृत प्रतिनिधियों को संचार के लिए सही पता बता दिया गया है, और बैंक या उसके अधिकृत प्रतिनिधि गलत पते के कारण कार्डधारक को होने वाली किसी भी नुकसान या देयता के मामले में सभी देयताओं से इनकार करते हैं।

**6 . इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड और ऐप उपयोग के लिए पहचान सत्यापन ·**

6.1. हमने यह सुनिश्चित किया है कि आप वनकार्ड ऐप पर अपने पसंदीदा ऑथेंटिकेशन मेकैनिज्म (फ़िंगरप्रिंट लॉक या ऐप पिन) के साथ खुद को प्रमाणित करने के बाद ही सुरक्षित माहौल में लेनदेन कर सकते हैं। एक कार्ड-सदस्य के रूप में, आपको इन लेनदेन की विशेषताओं और प्रभाव के बारे में पता होना चाहिए, क्योंकि वनकार्ड ऐप के भीतर अपने कार्यों के लिए आप ही जिम्मेदार होंगे।

6.2. किसी भी अनधिकृत पहुंच को रोकने के लिए, कृपया वनकार्ड ऐप को ऐप पिन या फ़िंगरप्रिंट लॉक से सुरक्षित करें। **इसके अलावा, आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के उपयोग को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए, इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लिए इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पिन जारी किया जाएगा।** आप वनकार्ड ऐप से इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पिन जनरेट कर सकते हैं और बाद में आप इसे किसी भी समय वनकार्ड ऐप से बदल सकते हैं।

6.3. ऐप पिन आपको इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड अकाउंट तक पहुंच प्रदान करता है, और आप यह स्वीकार करते हैं कि ऐप पिन के उपयोग, गोपनीयता और सुरक्षा के साथ-

साथ इस ऐप पिन का उपयोग करके कार्ड खाते में दर्ज किए गए सभी आदेशों और सूचना परिवर्तनों की पूरी जिम्मेदारी आपकी होगी।

6.4. कृपया अपना ऐप पिन या इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पिन किसी के साथ साझा न करें या इसे इस तरह से स्टोर न करें कि कोई तीसरा पक्ष इसे एक्सेस कर सके। बैंक और उसके अधिकृत कर्मचारियों को आपके द्वारा पिन द्वारा प्रमाणित लेनदेन और अनुदेशों को पूरा करने के लिए अधिकृत किया गया है तथा वे इसे रद्द नहीं करेंगे।

6.5 कार्डधारक को ऐप पिन की सुरक्षा बनाए रखने के लिए हर समय उचित कदम उठाना होगा।

6.6 जैसा कि यहां बताया गया है, इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड और/या ऐप पिन के अनधिकृत/गलत/धोखाधड़ीपूर्ण/अनुचित/डुप्लिकेट उपयोग के मामले में कार्डधारक बैंक या बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाता को उत्तरदायी नहीं ठहराएगा।

6.7 बैंक, वनकंज्यूमर और/या बैंक का अधिकृत सेवा प्रदाता इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के किसी तीसरे पक्ष/व्यक्ति के हाथों में जाने या किसी तीसरे पक्ष/व्यक्ति को ऐप पिन का पता चल जाने पर किसी तीसरे पक्ष/व्यक्ति द्वारा इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के उपयोग/दुरुपयोग से जुड़े किसी भी परिणाम के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। यदि कोई तीसरा पक्ष इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड अकाउंट सहित इन सेवाओं का एक्सेस हासिल कर लेता है, तो कार्डधारक जिम्मेदार होगा और तीसरे पक्ष द्वारा इस तरह के दुरुपयोग / उपयोग से उत्पन्न होने वाली किसी भी देयता, लागत या क्षति के लिए बैंक, वनकंज्यूमर या बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाता को क्षतिपूर्ति करेगा।

6.8. ऑनलाइन खरीदारी के लिए, हमने यह सुनिश्चित किया है कि सत्यापन/प्रमाणीकरण न केवल सुरक्षित हो बल्कि सुविधाजनक भी हो। एक कार्ड सदस्य के रूप में, आप निम्नलिखित तरीकों का उपयोग करके अपनी ऑनलाइन खरीदारी को प्रमाणित कर सकते हैं:

6.8.1 "स्वाइप टू पे" - जब भी आप घरेलू व्यापारियों से ई-कॉमर्स खरीदारी करेंगे, हम वनकार्ड ऐप पर एक नोटिफिकेशन भेजेंगे। इस नोटिफिकेशन तक पहुंचने के लिए आपको ऐप पिन या बायोमेट्रिक क्रेडेंशियल्स (जैसा लागू हो) का उपयोग करके स्वयं को प्रमाणित करना होगा। सत्यापन सफल होने पर, आपको खरीदारी की पुष्टि करने के लिए स्वाइप करना होगा। अगर आप इस सेवा का उपयोग नहीं करना चाहते हैं, तो आप वनकार्ड ऐप में दिए गए कंट्रोल्स का उपयोग करके इसे बंद कर सकते हैं।

6.8.2 वन-टाइम पासवर्ड (ओ.टी.पी.): अगर आप ओ.टी.पी. का उपयोग करके स्वयं को प्रमाणित करना चाहते हैं, तो आप खरीदारी के दौरान हमेशा ओ.टी.पी. का अनुरोध कर सकते हैं, जिसके

आधार पर आपके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओ.टी.पी. का उपयोग करके लेनदेन को मंज़ूरी दी जाएगी। आपको इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पिन की सुरक्षा बनाए रखने के लिए हर समय सभी उचित कदम उठाने होंगे। अगर आप सुरक्षा आवश्यकताओं का पालन करने में विफल रहते हैं, तो आप पर बैंक की देनदारी हो सकती है, जो अपने पूर्ण विवेक पर, मौजूदा इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर एक नया इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पिन जारी कर सकता है या आपसे ऐप से एक नया इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पिन बनाने के लिए कह सकता है।

6.9 अगर आपने किसी सदस्यता या नियमित अंतराल पर किए जाने वाले भुगतान के लिए अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को जोड़ा है, तो इन सेवाओं और/या पहले लेनदेन के लिए पंजीकरण क्लॉज 6.8 में दिए गए उपरोक्त तरीकों में से किसी का उपयोग करके प्रमाणित किया जाएगा। इसके बाद के लेनदेन को प्रमाणित नहीं किया जाएगा और केवल पहले सत्यापन के आधार पर अनुमोदित किया जाएगा। अगर आप किसी भी समय अपनी सदस्यता योजना बदलना चाहते हैं, तो आप सीधे व्यवसायी की वेबसाइट या ऐप से ऐसा कर सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि सदस्यता/नियमित अंतराल पर किए जाने वाले भुगतान आर.बी.आई. द्वारा निर्धारित निम्नलिखित शर्तों के अधीन है, जिन्हें समय-समय पर संशोधित किया जा सकता है।

6.9.1 इन सदस्यताओं/ नियमित अंतराल पर किए जाने वाले भुगतानों में किसी भी तरह के बदलाव के लिए खंड 6.8 में बताए गए तरीकों में से किसी का उपयोग करके प्रमाणीकरण की आवश्यकता होगी।

6.9.2 इन सदस्यताओं/ नियमित अंतराल पर किए जाने वाले भुगतानों के लिए अधिकतम स्वीकार्य सीमा ₹ 5,000 है। उपरोक्त भुगतानों के लिए पंजीकरण करते समय, आप एक निश्चित रुपया मूल्य या [₹5,000] सीमा के भीतर एक परिवर्तनीय सीमा निर्धारित कर सकते हैं, जो सदस्यता/नियमित अंतराल पर किए जाने वाले भुगतान व्यवस्था की वैधता अवधि के लिए आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड से ली जाएगी।

6.9.3 आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर राशि लेने से कम से कम 24 घंटे पहले आपको लेन-देन से पहले की सूचना दी जाएगी। लेन-देन से पहले की सूचना आपको इस तरह की भुगतान व्यवस्था के लिए पंजीकरण करते समय आपके द्वारा प्रदान किए गए संचार के पसंदीदा तरीके पर प्राप्त होगी।

6.9.4 लेनदेन से पहले इस तरह के नोटिफिकेशन में व्यापारी का नाम, लेनदेन राशि, इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर शुल्क लगाए जाने की तारीख/समय, लेनदेन के लिए रेफरेंस

नंबर और शुल्क का कारण (जो सदस्यता/ नियमित अंतराल पर भुगतान व्यवस्था को पंजीकृत करते समय कार्डधारक द्वारा प्रदान किया जाएगा) शामिल होगा।

6.9.5 लेनदेन से पहले नोटिफिकेशन प्राप्त होने पर, कार्डधारक के पास उस लेनदेन के लिए भुगतान से बाहर निकलने की सुविधा होगी। अगर आप ऑप्ट-आउट करना चाहते हैं, तो कार्रवाई को खंड 6.5 में दिए गए तरीकों में से किसी एक का उपयोग करके प्रमाणित करना होगा। इस प्रकार के ऑप्ट-आउट की सूचना प्राप्त होने पर हम यह सुनिश्चित करेंगे कि विशेष लेनदेन प्रभावित न हो तथा इसके बाद होने वाले नियमित अंतराल वाले लेनदेन भी प्रभावित न हों। हम आपके पसंदीदा संचार माध्यम पर इसकी पुष्टि करने के लिए आपको एक सूचना भेजेंगे।

6.9.6. आपके पास अपने विवेक से, वनकार्ड ऐप या वेबसाइट के माध्यम से इस सदस्यता/नियमित अंतराल वाले भुगतान व्यवस्था को वापस लेने/निरस्त करने का विकल्प होगा। इस तरह की वापसी/निरस्तीकरण को खंड 6.5 में दिए गए तरीकों में से एक का उपयोग करके प्रमाणित किया जाएगा। इन सदस्यताओं/ नियमित अंतराल वाले भुगतानों से किसी भी प्रकार की वापसी/निरस्तीकरण के परिणामस्वरूप उस विशेष व्यवस्था के लिए आगामी लेनदेन संसाधित/प्रभावी नहीं हो सकेंगे। हालाँकि, आप ध्यान दे सकते हैं कि कोई भी पाइपलाइन लेनदेन प्रभावित होगा। "पाइपलाइन ट्रांजैक्शन" का मतलब उन सभी ट्रांजैक्शन से होगा, जिनके लिए लेन-देन से पहले की सूचनाएं कार्ड सदस्य को भेजी गई थीं और ऑप्ट-आउट सुविधा का उपयोग नहीं किया गया था। हालांकि, कार्ड सदस्य ने लेनदेन अलर्ट भेजे जाने या कार्ड सदस्य द्वारा प्राप्त किए जाने से पहले ही भुगतान व्यवस्था को वापस लेने का विकल्प चुना था।

6.9.7 इस सदस्यता/नियमित अंतराल वाले भुगतान व्यवस्था का लाभ उठाने के लिए आपसे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा या आपसे कोई वसूली नहीं की जाएगी।

**7 . कार्ड सदस्यता का उल्लंघन, समर्पण और समाप्ति/निरस्तीकरण ·**

7.1. उल्लंघन:

किसी भी कार्ड सदस्य द्वारा इनमें से किसी भी शर्त के उल्लंघन की स्थिति में:

7.1.1. इन शर्तों के किसी अन्य प्रावधान के बावजूद, कार्ड-सदस्य ऐसे उल्लंघन के परिणामस्वरूप प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से होने वाली किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार होगा; तथा

7.1.2. कार्ड-सदस्य मांग किए जाने पर बकाया सभी राशि का भुगतान करने के लिए जिम्मेदार होगा, चाहे वह मांग की तिथि पर देय हो या नहीं।

7.2. कार्डधारक द्वारा इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के समर्पण की प्रक्रिया - उचित सूचना

7.2.1. आप किसी भी समय हमारी ग्राहक सेवा टीम को कॉल करके या हमें ई-मेल करके अपना इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाता बंद कर सकते हैं। आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड (यदि लागू हो और/या लाभ उठाया गया हो) से जुड़ी सभी कार्ड बकाया राशि और ऋण/ईएमआई सुविधाएँ तुरंत देय हो जाएँगी।

7.2.2. इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड बंद होने के बाद प्राप्त होने वाली किसी भी रिफंड/ धन-वापसी के बारे में आपको सूचित किया जाएगा और स्वामित्व की पुष्टि करने के बाद वनकार्ड ऐप के प्रोफाइल सेक्शन में जोड़े गए अकाउंट नंबर या ग्राहक सेवा के साथ साझा किए गए अकाउंट नंबर पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से रिफंड कर दिया जाएगा।

7.2.3. **वर्चुअल क्रेडिट कार्ड सक्रिय हो जाने पर, आपको वास्तविक इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड भेज दिया जाएगा।** अगर आप वर्चुअल कार्ड सक्रिय करने के 6 महीने के भीतर कार्ड सदस्यता रद्द करने का फैसला लेते हैं, तो ₹ 3,000 का शुल्क लगाया जाएगा। इसे कुल बकाया राशि में जोड़ा जाएगा और सभी बकाया राशि का भुगतान हो जाने पर कार्ड अकाउंट बंद कर दिया जाएगा।

7.2.4. किसी भी कारण से इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की सदस्यता समाप्त/निरस्त होने पर, चाहे वह कार्डधारक या बैंक के कहने पर हो, कार्डधारक इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के उपयोग से होने वाले सभी शुल्कों के लिए उत्तरदायी रहेगा।

7.2.5. आप विशेष रूप से स्वीकार करते हैं कि, एक बार जब आपका इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाता बंद हो जाता है, तो इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के विशेषाधिकार (जिसमें अर्जित सभी लाभ और सेवाएं, रिडीम नहीं किए गए रिवॉर्ड पॉइंट आदि शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं) निरस्त हो जाएंगे। इसे फिर से बहाल करने की प्रक्रिया न तो स्वचालित होगी और न ही आनुषंगिक होगी, तथा यह पूरी तरह बैंक के विवेक पर निर्भर होगी।

7.2.6. दुरुपयोग से बचने के लिए, इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को नष्ट करने की सलाह दी जाती है, जिसमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस पर मौजूद होलोग्राम, चुंबकीय पट्टी और चिप स्थायी रूप से नष्ट हो जाएं।

7.2.7. आपका इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड अकाउंट केवल तभी बंद किया जाएगा, जब बैंक को उक्त इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड अकाउंट से संबंधित सभी देय और बकाया राशियों का भुगतान प्राप्त हो जाएगा।

7.3. इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की सदस्यता रद्द करने की प्रक्रिया। आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड तक आपकी पहुँच को बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय रद्द / निरस्त किया जा सकता है, अगर हम इसे व्यवसाय या सुरक्षा कारणों से आवश्यक समझते हैं, जिसमें निम्नलिखित बातें शामिल हैं, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

7.3.1. विलंबित या अस्वीकृत भुगतान, इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का अनुचित उपयोग, जो संभवतः आरबीआई और विदेशी मुद्रा नियमों का उल्लंघन है।

7.3.2. कार्ड आवेदन के साथ दिए गए भ्रामक या गलत जानकारी/दस्तावेज।

7.3.3. अपने ग्राहक को जानें (के.वाई.सी.)/धन शोधन निवारण (ए.एम.एल.)/आतंकवाद के वित्तपोषण का प्रतिरोध (सी.एफ.टी.) दिशा-निर्देशों के तहत आवश्यक जानकारी या दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहना।

7.3.4. किसी भी प्राधिकरण, न्यायालय या पेशेवर निकाय या एसोसिएशन द्वारा किसी भी सिविल मुकदमेबाजी या आपराधिक अपराध/कार्यवाही में शामिल होना; तथा

7.3.5. मौजूदा परिस्थितियों/अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण क्रेडिट नीति में परिवर्तन।

कार्ड अकाउंट बंद होने के बाद भी आप अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड विवरण वास्तविक बकाया के साथ प्राप्त करना जारी रख सकते हैं।

**8 . शुल्क एवं भुगतान ·**

यहाँ भुगतान तिथि (वर्तमान में 2/3 तारीख) पर आपके द्वारा देय कुछ शुल्क दिए गए हैं, जो वनकार्ड ऐप में दिखाए जाएंगे:

8.1. किसी सामान और/या सेवाओं की खरीद या नकद निकासी की राशि।

8.2. एम.आई.टी.सी. के खंड ए में निर्दिष्ट कोई भी शुल्क।

8.3. बैंक द्वारा समय-समय पर तय किए गए विशिष्ट प्रकार के लेनदेन पर सेवा शुल्क लगाया जा सकता है।

8.4. सभी वैधानिक कर, वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.), और अन्य कर (किसी भी प्रकार के) जो समय-समय पर सरकार या अन्य प्राधिकरण द्वारा इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के संबंध में लगाए जा सकते हैं।

8.5. विलंबित या संशोधित शुल्क:

8.5.1. अगर आपने किसी होटल, कार रेंटल कंपनी, क्रूज लाइन लेनदेन या किसी अन्य लेनदेन के लिए विलंबित या संशोधित शुल्क के लिए उत्तरदायी होने की सहमति दी है, तो व्यापारी विलंबित या संशोधित शुल्क की प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकता है; तथा

8.5.2. विलंबित या संशोधित शुल्क संबंधित लेनदेन की तारीख से 90 कैलेंडर दिनों के भीतर इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाते में संसाधित किए जाएंगे।

8.6. इन लेनदेन में कमरा, भोजन या पेय शुल्क, कर, ईंधन, बीमा, किराया शुल्क, किराये के वाहनों को हुई क्षति, पार्किंग टिकट और अन्य यातायात उल्लंघन, तथा क्रूज लाइन जहाज पर खरीदी गई वस्तुएं और सेवाएं शामिल हो सकती हैं।

8.7. जब आप घरेलू स्तर पर ईंधन के भुगतान के लिए इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं, तो प्राप्तकर्ता (व्यापारी का बैंक जो टर्मिनल प्रदान करता है) द्वारा फ्यूल सरचार्ज लगाया जाता है। सरचार्ज में माफी, लेनदेन राशि के न्यूनतम 1% या लगाए गए वास्तविक अधिभार (जीएसटी को छोड़कर) में से जो भी कम होगी। इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर किए गए ईंधन लेनदेन के लिए अधिकतम फ्यूल सरचार्ज छूट प्रति कैलेंडर माह प्रति खाता 400 रुपये तक सीमित होगी। इस तरह के उलटफेर में ऐसी खरीदारी पर चुकाया गया लागू कर शामिल नहीं होगा। ईंधन लेनदेन पर रिवार्ड प्वाइंट अर्जित नहीं किये जायेंगे।

8.8. इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के उपयोग पर शुल्क लगते ही आप भुगतान के लिए जिम्मेदार होंगे। अगर पहले की कोई रकम बकाया है तो उस रकम पर भी ब्याज लगाया जाएगा।

8.9. शुल्क की गणना दैनिक शेष पद्धति पर की जाती है और इसे निम्नलिखित में से किसी भी तारीख से लगाया जाएगा:

8.9.1. जहाँ शुल्क वस्तु या सेवाओं की खरीद के संबंध में है, बैंक के रिकॉर्ड में शामिल किए जाने की तारीख से; तथा

8.9.2. जहाँ शुल्क नकद निकासी के संबंध में है, तो नकद निकासी की तिथि से लेकर बैंक द्वारा भुगतान प्राप्त होने की तिथि तक।

8.10 जब आपको अपना विवरण प्राप्त हो जाता है (वनकार्ड ऐप में दी गई बिलिंग तिथि के अनुसार), तो आप अपने विवरण के अनुसार कुल देय राशि (टी.ए.डी.) या न्यूनतम देय राशि (एम.ए.डी.) का भुगतान करने का विकल्प चुन सकते हैं। शेष राशि को अगले महीनों के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है।

यह न्यूनतम देय राशि होगीः

8.10.1. बकाया रकम का 5% या ₹100 (जो भी अधिक हो); साथ ही

8.10.2. पिछली बकाया न्यूनतम राशि, यदि कोई हो; साथ ही

8.10.3. क्रेडिट सीमा से अधिक कोई भी राशि; साथ ही

8.10.4. देय किसी भी किस्त (ई. एम. आई.) की पूरी राशि (यदि/जैसा लागू हो)

कुल देय राशि या न्यूनतम देय राशि के अलावा, आप न्यूनतम देय राशि और कुल देय राशि के बीच की राशि का भुगतान भी कर सकते हैं। विलंबित भुगतान शुल्क से बचने के लिए भुगतान देय तिथि से पहले किया जाना चाहिए। **भुगतान किए गए किसी भी एम.ए.डी. या उसके हिस्से पर भुगतान तिथि के बाद ब्याज लगना बंद हो जाएगा, यदि वह कार्डधारक से बैंक को प्राप्त हो गया हो।**

8.11. अगर कुल देय राशि ₹100 से कम है, तो न्यूनतम देय राशि कुल देय राशि, यानी ₹100 के बराबर होगी। आप निम्नलिखित तरीकों का उपयोग करके ऐप के माध्यम से बकाया राशि का भुगतान कर सकते हैं:

8.11.1. किसी भी यूपीआई हैंडल से

8.11.2. अपने डेबिट कार्ड का उपयोग करके

8.11.3. नेट बैंकिंग के माध्यम से

8.11.4. वनकार्ड में दिए गए अद्‌वितीय इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड अकाउंट नंबर पर आईएमपीएस या एनईएफटी के माध्यम से।

हम जानते हैं कि आप डिजिटल भुगतान में विश्वास करते हैं, इसलिए हम नकद या चेक के माध्यम से भुगतान स्वीकार नहीं करते हैं। ·

8.11.5. बैंक कार्डधारकों को अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड बकाया (यदि कोई हो) का भुगतान उपर्युक्त भुगतान विधियों के माध्यम से करने की सलाह देता है। **किसी भी इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के बकाया भुगतान को तीसरे पक्ष के ऐप या वेबसाइट के माध्यम से करने पर बकाया राशि के निपटान या निकासी के लिए अधिक टी.ए.टी. लग सकता है।** यदि नियत तिथि तक बैंक को धनराशि प्राप्त नहीं होती है तो कार्ड वेरिएंट पर लागू दंड, ब्याज या कोई अन्य शुल्क लागू होगा। **तीसरे पक्ष के ऐप या वेबसाइट के माध्यम से इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर भुगतान बकाया के निपटान में देरी होने/प्रतिबिंबित नहीं होने से उत्पन्न होने वाले किसी भी सवाल के लिए, कार्डधारक सीधे संबंधित तीसरे पक्ष के ऐप या वेबसाइट से संपर्क कर सकते हैं।**

8.12. किसी विशेष विवरण में बताई गई रकम के संबंध में आपसे प्राप्त कोई भी भुगतान नीचे दिए गए क्रम में ऐसे बकाये के प्रति समायोजित किया जाएगा:

8.12.1 अग्रिम नकद बिल (ब्याज, शुल्क और कर सहित)

8.12.2 लागू ब्याज, शुल्क और करों सहित बिल की गई खरीदारी

8.12.3 बिल न किया गया नकद अग्रिम (ब्याज, शुल्क और करों सहित)

8.12.4 लागू ब्याज, शुल्क और करों के साथ बिल न की गई  खरीदारी उपरोक्त के भीतर, समायोजन का क्रम होगाः कर, शुल्क, ब्याज, खरीद।

8.13. खंड 8.12 में बताए गए विनियोग के उपरोक्त आदेश को बैंक द्वारा अपने विवेक से संशोधित किया जा सकता है। इस तरह के विनियोग के बाद बची हुई अतिरिक्त रकम, यदि कोई हो, को उन रकम के विरुद्ध विनियोजित किया जा सकता है, जिन्हें उत्पन्न होने वाले तत्काल अगले विवरण में निर्दिष्ट किया जाना है, और ऐसी अतिरिक्त रकम पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।

8.13.1 यदि कार्डधारक इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि की तुलना में अधिक भुगतान करता है, तो इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाते में शेष राशि जमा कर दी जाएगी। इसे इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर बाद के लेनदेन में समायोजित किया जाएगा। हालाँकि, इस अतिरिक्त क्रेडिट राशि पर किसी ब्याज का दावा नहीं किया जा सकता है।

8.13.2 धन-वापसी/असफल/रिवर्स लेनदेन की वजह से अतिरिक्त क्रेडिट की किसी भी रकम को कार्डधारक द्वारा वनकार्ड ऐप में दिए गए अकाउंट में एक कटऑफ (क्रेडिट सीमा का 1% या 5000 रुपये जो भी कम हो) से परे हस्तांतरित कर दिया जाएगा। अगले दौर में खरीदारी के लिए अतिरिक्त क्रेडिट को समायोजित करने के लिए, कार्डधारक को ग्राहक अनुभव टीम से संपर्क करना चाहिए। किसी भी संदिग्ध धन-वापसी/रिवर्स लेनदेन कीउचित जांच की जाएगी तथा सत्यापन की प्रक्रिया की जाएगी।

8.14. प्रत्येक कार्डधारक के लिए एक क्रेडिट सीमा तय की जाएगी जिसे किसी भी समय पार नहीं किया जाना चाहिए। हालाँकि, कुल बकाया रकम अगर कुल क्रेडिट सीमा से अधिक हो जाती है, तो अतिरिक्त रकम पर अतिरिक्त शुल्क लगाया जाएगा। कार्ड-सदस्य ऐप पर कुल क्रेडिट सीमा की समीक्षा के लिए अनुरोध कर सकता है। कुल क्रेडिट सीमा में बढ़ोतरी, अगर कोई हो, पूरी तरह से बैंक के विवेक पर निर्भर होगी।

8.15. बैंक आपके वनकार्ड ऐप के भीतर इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के उपयोग के आधार पर आपको क्रेडिट सीमा बढ़ाने की सिफारिश करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यह अनुशंसा और इससे संबंधित नियम और शर्तें, आपको अनुशंसा स्वीकार करने से पहले विचार करने के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी।

एक बार वनकार्ड ऐप के भीतर दिखाई गई क्रेडिट सीमा में बढ़ोतरी से संबंधित शर्तों को पढ़ लेने और उनसे सहमति जताने, तथा सीमा बढ़ाने के लिए अपनी सहमति प्रदान करने के बाद, हम आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर क्रेडिट सीमा बढ़ा देंगे। वनकार्ड ऐप के

भीतर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्राप्त सीमा में बढ़ोतरी अनुशंसा की आपकी स्वीकृति, जहां आप विशेष रूप से सीमा वृद्धि को मान्य करते हैं और एम.आई.टी.सी. से सहमत होते हैं, को आपकी सहमति माना जाएगा। हम ऐसी सहमति का डिजिटल रिकॉर्ड रखेंगे और सीमा में बढ़ोतरी के कारण बाद में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद की स्थिति में इसे सहमति के प्रमाण के रूप में मानेंगे।

8.16. हम आपके खाते की समय-समय पर समीक्षा करेंगे और आपके लेनदेन के पैटर्न, रकम चुकाने से संबंधित व्यवहार और अन्य आंतरिक मानदंडों के आधार पर आपकी क्रेडिट सीमा को कम करने का अधिकार सुरक्षित रखेंगे। आपको इसकी सूचना वनकार्ड ऐप और/या ई-मेल और एस.एम.एस. के माध्यम से दी जाएगी।

8.17. अगर कार्डसदस्य द्वारा इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि के भुगतान के लिए दिए गए भुगतान के साधन या निर्देश का पालन नहीं किया जाता है, या इसे आपको वापस करना पड़ता है क्योंकि इस प्रक्रिया को पूरा नहीं किया जा सकता है, तो हम आपके खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं और अपने विवेक के आधार पर शुल्क लगाएंगे और/या इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को अस्थायी रूप से निष्क्रिय/स्थायी रूप से रद्द कर देंगे। आपको विलंब से भुगतान करने पर शुल्क या बैंक द्वारा निर्धारित अन्य शुल्क भी देना होगा।

**8.18 तीसरे पक्ष के ऐप्स पर/मर्चेंट को इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किए गए किराए के भुगतान पर इन ऐप्स/व्यापारियों द्वारा लगाए गए प्लेटफ़ॉर्म शुल्क के अतिरिक्त 1% का अतिरिक्त शुल्क लगेगा।**

8.19 वनकार्ड ऐप के माध्यम से भुगतान किए गए किराये पर केवल सुविधा शुल्क लगेगा और कोई लेनदेन शुल्क नहीं देना होगा। लिया जाने वाला सुविधा शुल्क 2% तक होगा और लेनदेन के समय प्रदर्शित किया जाएगा।

8.20 इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके किसी तीसरे पक्ष के वॉलेट या बैंक खाते में किए गए किसी भी फंड ट्रांसफर पर 10,000 रुपये और उससे अधिक के संचयी मासिक ट्रांसफर पर 1% का शुल्क लगेगा।

**9 . नकद निकासी ·**

9.1. एटीएम से आपातकालीन नकदी प्राप्त करने के लिए आप इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। इस सुविधा के अंतर्गत किसी भी समय निकाली जा

सकने वाली कुल राशि आपके वनकार्ड ऐप में दर्शाई गई उपलब्ध नकदी सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए।

9.2. आपको एटीएम द्वारा जेनरेट किए गए लेनदेन का रिकॉर्ड रखना होगा।

9.3. सभी शुल्कों पर एक लेनदेन शुल्क लगाया जाएगा और आपको अगले विवरण में इसका बिल दिया जाएगा। सभी नकद निकासी पर ऐसी निकासी की तारीख से लेकर बैंक द्वारा भुगतान प्राप्त होने तक दैनिक बकाया शेष पद्धति के आधार पर सेवा शुल्क भी लगेगा। **यह सेवा शुल्क इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाते से डेबिट किया जाएगा।** ऊपर बताए गए लेनदेन शुल्क और सेवा शुल्क वापस नहीं किए जाएंगे।

9.4. नकद सीमा आपके लिए निर्धारित कुल क्रेडिट सीमा का एक हिस्सा है, हालांकि फिलहाल यह कार्डधारकों के लिए उपलब्ध नहीं है। इसके सक्षम हो जाने पर आपको सूचना दी जाएगी।

**10 . इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड गुम हो जाना, चोरी होना या दुरुपयोग होना/फोन गुम हो जाना ·**

10.1. इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के गुम होने, चोरी  होने या दुरुपयोग के मामले में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया

10.1.1. अगर आपका इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड गुम हो गया है, चोरी हो गया है, **गलत जगह पर रख दिया गया है, या यदि इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पिन से छेड़छाड़ की गई है, तो तुरंत ऐप से इसकी रिपोर्ट करें या हमें 1800-210-911 पर कॉल करें या हमें** help@getonecard.app **पर ईमेल भेजें।** अगर आपका इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खो गया है, तो आप ऐप से कार्ड को अस्थायी रूप से फ्रीज कर सकते हैं।

10.1.2. अगर आपका इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खो जाता है या चोरी हो जाता है, तो आप वनकार्ड मोबाईल एप्लीकेशन से खोए या चोरी हुए इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को ब्लॉक कर सकते हैं और आपको एक नया कार्ड भेज दिया जाएगा। आप इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पिन को ऐप से भी रीसेट कर सकते हैं।

10.1.3. अगर वनकार्ड एप्लिकेशन वाला मोबाइल फोन गुम हो जाता है या चोरी हो जाता है, तो 1800-210-9111 पर कॉल करके तुरंत हमें सूचित करें।

10.1.4. कृपया इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड या फोन की चोरी की सूचना प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफ.आई.आर.) दर्ज करके पुलिस को दें और अनुरोध करने पर उसकी एक प्रति हमारे साथ साझा करें।

10.1.5. अगर आप अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर या ई-मेल पता बदलना चाहते हैं, तो कृपया हमें तुरंत help@getonecard.app पर ई-मेल के माध्यम से सूचना भेजें।

10.1.6 इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर रिपोर्टिंग के समय और/या किए गए लेनदेन से संबंधित किसी भी विवाद के मामले में, उक्त इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के खो जाने/चोरी हो जाने/दुरुपयोग हो जाने की रिपोर्टिंग के बाद, बैंक या बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाता को विवादित लेनदेन के समय और/या प्रामाणिकता का पता लगाने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

10.2. ऊपर बताए गए खंड 10.1 के मामले में कार्डधारक की देनदारी

10.2.1. हमें नुकसान की सूचना देने के बाद, इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के किसी भी दुरुपयोग के लिए आप उत्तरदायी नहीं होंगे, जब तक कि आपने गंभीर लापरवाही नहीं बरती हो।

10.2.2. आपकी सहमति या जानकारी में या कार्ड/फोन के गुम हो जाने के बारे में हमें सूचना देने से पहले हुए किसी भी दुरुपयोग के कारण होने वाले सभी नुकसानों के लिए आप उत्तरदायी होंगे।

10.2.3 कार्डधारक इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है और यह सुनिश्चित करने की दिशा में सभी कदम उठाएगा कि इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का दुरुपयोग न हो। अगर बैंक या बैंक का अधिकृत सेवा प्रदाता यह निर्धारित करता है कि कार्डधारक इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के नुकसान / चोरी / नष्ट होने के मामले में ऊपर बताए गए कदम उठाने में विफल रहा है और उस पर सवाल उठाए जा सकते हैं, तो खोए हुए, चोरी हुए या क्षतिग्रस्त कार्ड पर वित्तीय दायित्व कार्डधारक पर होगा और यहां तक कि इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड अकाउंट को रद्द भी किया जा सकता है।

कभी भी अपना इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पिन और ऐप पिन किसी के साथ साझा न करें!

**11 . देयता: ·**

11.1. हमारे नियंत्रण में किसी सिस्टम की विफलता या खराबी के कारण आपको होने वाले प्रत्यक्ष नुकसान के लिए बैंक जिम्मेदार होगा।

11.2. हालाँकि, लेनदेन की प्रक्रिया पूरी नहीं होने या प्रक्रिया पूरी होने में गड़बड़ी के लिए हमारी जिम्मेदारी वर्तमान में लागू कानूनों के अंतर्गत मूल राशि और ब्याज के नुकसान तक सीमित है।

**12 . देयता में शामिल नहीं की गई बातें ·**

12.1. ऊपर बताई गई बातों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से होने वाले किसी भी नुकसान या क्षति के संबंध में बैंक, एक उपभोक्ता और/या बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाता आपके कार्ड-सदस्य के प्रति किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होंगे:

12.1.1. आपूर्ति की गई किसी भी वस्तु या सेवा में कोई खराबी।

12.1.2. किसी भी व्यक्ति/व्यापारिक प्रतिष्ठान द्वारा इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को मानने या स्वीकार करने से इनकार करना।

12.1.3. किसी भी कंप्यूटर टर्मिनल की खराबी।

12.1.4. कार्ड-सदस्य के अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा लेनदेन संबंधी निर्देश देना।

12.1.5. आपके द्वारा अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को बैंक और/या उसके अधिकृत प्रतिनिधियों के अलावा किसी अन्य को सौंपना।

12.1.6. बैंक, इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर उल्लिखित समाप्ति तिथि से पहले इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के समर्पण की मांग करने और उसे प्राप्त करने के अपने अधिकार का प्रयोग कर रहा है।

12.1.7. बैंक किसी भी इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड और संबंधित कार्ड अकाउंट को समाप्त करने के अपने अधिकार का प्रयोग कर रहा है; या

12.1.8. इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को वापस लेने और/या इसकी वापसी के लिए किसी अनुरोध, अथवा किसी व्यापारिक प्रतिष्ठान द्वारा इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को मानने या सम्मान देने से इनकार करने के कारण आपके क्रेडिट चरित्र और प्रतिष्ठा को हुई कोई भी क्षति।

12.2 आप स्वीकार करते हैं कि, इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करते समय आपके द्वारा प्रदान किए गए पंजीकृत मोबाइल फोन नंबर या ईमेल पर अलर्ट प्राप्त करने की सुविधा, बैंक द्वारा नियुक्त/अधिकृत सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की जाने वाली बुनियादी संरचना, कनेक्टिविटी और सेवाओं पर निर्भर है।

12.3. कार्ड-सदस्य स्वीकार करता है कि भेजे गए अलर्ट की समय-सीमा, सटीकता और पठनीयता बैंक द्वारा नियोजित/अधिकृत अन्य सेवा प्रदाताओं को प्रभावित करने वाले कारकों पर निर्भर करेगी। हम आपको अलर्ट नहीं मिलने या देरी से मिलने, अलर्ट भेजने में त्रुटि, नुकसान या गड़बड़ी के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

**13 . ऐड-ऑन/सप्लीमेंट्री कार्ड ····**

13.1. आप वनकार्ड ऐप में "माईफैमिली" सेक्शन से अपने परिवार के सदस्यों के लिए ऐड-ऑन/सप्लीमेंट्री कार्ड के लिए अनुरोध कर सकते हैं।

13.2. कृपया "माईफैमिली" सेवाओं का उपयोग करने से पहले इन शर्तों को ध्यान से पढ़ें। ऐड-ऑन कार्ड के उपयोग को इन शर्तों और एम.आई.टी.सी. की स्वीकृति समझा जाएगा। ऐड-ऑन कार्डधारक और आप, इसके जारी करने को अधिकृत करके, सम्मिलित रूप से इन शर्तों और एम.आई.टी.सी. से बंधे हैं और यह समझौता आपके और इंडियन बैंक और वनकंज्यूमर के बीच बाध्यकारी है।

13.3. ऑनबोर्डिंग: परिवार के किसी सदस्य को आमंत्रित करने के लिए, आपको हमें परिवार के सदस्य का नाम (पैन के अनुसार), फोन नंबर (जिसे हम ऑनबोर्डिंग के दौरान वन-टाइम पासवर्ड से प्रमाणित करेंगे), परिवार के सदस्य के साथ संबंध, निर्दिष्ट क्रेडिट सीमा (जिसे बाद में रीसेट किया जा सकता है) और कार्ड का प्रकार (धातु/प्लास्टिक) प्रदान करना होगा।

13.3.1. हम परिवार के सदस्य को एक इनविटेशन लिंक भेजेंगे, जिसमें नीचे दिया गया विवरण दर्ज करना होगा:

i) फ़ोन नंबर

ii) ईमेल एड्रेस

iii) जन्म तिथि

iv) आवासीय पता

v) रोजगार का प्रकार और कार्य का स्थान

vi) कोई भी जनसांख्यिकीय डेटा

vii) पैन कार्ड

viii) इंडियन बैंक के अनुसार के.वाई.सी. विवरण

13.3.2. ऐड-ऑन कार्डधारक द्वारा के.वाई.सी. सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, प्राथमिक कार्डधारक को अपने कार्ड को सक्रिय करने के लिए सदस्य को मंजूरी देनी होगी।

13.4. पात्रता:

13.4.1. इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्डधारक, जिनके कार्ड सक्रिय हैं और अच्छी स्थिति में हैं, वे अपने परिवार के सदस्यों के लिए ऐड-ऑन कार्ड का लाभ उठा सकते हैं।

13.4.2. प्राथमिक कार्डधारक द्वारा प्राप्त किए जा सकने वाले ऐड-ऑन कार्डों की संख्या 5 तक सीमित है।

13.4.3. प्राथमिक कार्डधारक केवल 18 साल से अधिक उम्र के व्यक्तियों के लिए ऐड-ऑन कार्ड के लिए आवेदन कर सकता है।

13.4.4. जिस व्यक्ति को ऐड-ऑन कार्ड के लिए आमंत्रित किया गया है, उसके पास निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिए:

ए) पैन कार्ड, और बी) बैंक खाता

13.5. बिलों का भुगतान:

13.5.1. प्राथमिक कार्डधारक अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाते से जुड़े ऐड-ऑन पर किए गए सभी लेनदेन की रकम चुकाने के लिए उत्तरदायी है।

13.5.2. ऐड-ऑन कार्डधारक अपना भुगतान नहीं कर सकता/सकती है और उसके पास भुगतान को ई.एम.आई. में बदलने का विकल्प नहीं होगा।

13.6. रिवार्ड्स:

13.6.1. ऐड-ऑन कार्डधारक अपने लेनदेन के लिए रिवॉर्ड प्वाइंट्स पाने के पात्र होंगे।

13.6.2. रिवार्ड प्वाइंट के लिए पात्र लेनदेन प्राथमिक कार्डधारक के समान ही होंगे।

13.6.3. ऐड-ऑन कार्डधारक के रिवॉर्ड पॉइंट्स को प्राथमिक कार्डधारक के साथ-साथ ऐड-ऑन कार्डधारक द्वारा भी रिडीम किया जा सकता है।

13.6.4. प्राथमिक कार्डधारक ऐड-ऑन कार्डधारकों के रिवार्ड प्वाइंट्स को कैशबैक के रूप में रिडीम कर सकता है।

13.6.5. ऐड-ऑन कार्ड धारक(धारकों) के रिवार्ड प्वाइंट्स को प्राथमिक कार्डधारक द्वारा जोड़ा नहीं जा सकता है।

13.7. अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांड क्रेडिट कार्ड को निष्क्रिय/पुनः सक्रिय करना:

13.7.1. प्राथमिक कार्डधारक ऐड-ऑन कार्ड को निष्क्रिय/पुनः सक्रिय कर सकता है, तथा ऐड-ऑन कार्डधारक द्वारा इसे रद्द नहीं किया जा सकता है।

13.7.2. अगर प्राथमिक कार्डधारक का कार्ड ब्लॉक स्थिति में है, तो ऐड-ऑन कार्ड सदस्य का कार्ड भी ब्लॉक कर दिया जाएगा।

13.7.3. ऐड-ऑन/सप्लीमेंट्री कार्ड का उपयोग तब तक किया जा सकता है, जब तक प्राथमिक कार्ड सक्रिय है।

13.8. कार्ड पर नियंत्रण:

13.8.1. प्राथमिक कार्डधारक कुछ लेनदेन या कार्ड नियंत्रणों को सक्षम या अक्षम कर सकता है।

13.8.2. ऐड-ऑन कार्डधारक केवल एक बार कार्ड के किसी विशेष नियंत्रण की स्थिति को बदलने का अनुरोध भेज सकता है।

**14 . बकाया राशि की वसूली :**

14.1. आप सहमति देते हैं कि, देय तिथि पर भुगतान करने में असफल रहने पर, बैंक बिना किसी पूर्वाग्रह के, इन शर्तों, एम.आई.टी.सी. और/या लागू कानूनों के तहत उपलब्ध अपने सभी या किसी भी अधिकार और उपचार का प्रयोग करेगा।

14.2. अगर आप भुगतान की देय तिथि के बाद कम से कम न्यूनतम देय राशि [3 दिन] का भुगतान नहीं करते हैं, तो इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को आर.बी.आई. द्वारा अधिकृत क्रेडिट सूचना कंपनियों (सी.आई.सी.) को बैंक द्वारा अपराधी के रूप में रिपोर्ट किया जाएगा। न्यूनतम देय राशि का भुगतान न करने पर क्रेडिट कार्ड सेवाएं बंद भी की जा सकती हैं।

14.3. एक बार सी.आई.सी. को रिपोर्ट कर दिए जाने के बाद, रिपोर्ट वापस नहीं ली जा सकती। हालाँकि, यदि आपके द्वारा बकाया राशि का भुगतान कर दिया गया है, तो यह जानकारी अगले महीने में सी.आई.सी. के साथ साझा करने के लिए बैंक को प्रदान की जाएगी।

14.4. भुगतान में चूक होने की स्थिति में, आपको बकाया राशि के निपटान के लिए डाक, टेलीफोन, ई-मेल, एस.एम.एस. और व्हाट्सएप के माध्यम से रिमाइंडर भेजे जाएंगे। अगर नियमित माध्यमों से आपसे कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं होती है, तो आपको याद दिलाने, अनुवर्ती कार्रवाई करने तथा बकाया राशि वसूलने के लिए तीसरे पक्ष को नियुक्त किया जा सकता है।

14.5. एक संदेश आपके पति/पत्नी/माता-पिता/परिवार के अन्य प्रत्यक्ष वयस्क सदस्य/सचिव/लेखाकार/अन्य सहकर्मी के पास, जो भी उपलब्ध हो, आपके निवास/कार्यालय/फोन पर छोड़ा जा सकता है। नियुक्त किया गया ऐसा कोई भी तीसरा पक्ष ऋण वसूली से संबंधित आचरण नियमावली का पूरी तरह पालन करेगा।

14.6. प्राथमिक कार्डधारक की आकस्मिक मृत्यु के मामले में, पूरी बकाया राशि (बिना बिल किए लेनदेन सहित) तुरंत बैंक को देय हो जाएगी। बैंक कार्डधारक के कानूनी उत्तराधिकारियों से संपर्क करेगा, उन्हें बकाया राशि के बारे में सूचना देगा तथा उनसे बकाया राशि चुकाने का अनुरोध करेगा।

14.7 कार्डधारक की स्वाभाविक मृत्यु/स्थायी रूप से विकलांगता की स्थिति में बकाया राशि की वसूली: पूरी बकाया राशि (बिना बिल किए लेनदेन सहित) तुरंत बैंक को देय हो जाएगी। बैंक को कार्डधारक की संपत्ति से कुल बकाया राशि वसूलने का अधिकार होगा। इस संबंध में, बैंक कार्डधारक के कानूनी उत्तराधिकारियों/धन/जमा/किसी भी वित्तीय संस्थान में उसके नाम से रखे

गए खातों से कुल बकाया राशि वसूलने का भी हकदार होगा और कार्डधारक अपने बकाया की वसूली का अधिकार सीधे बैंक को सौंपता है।

**15 . अन्य देशों/विदेशी मुद्रा में लगाए गए शुल्क ·**

15.1. विदेश में अपने इंडियन बैंक वन सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते समय, आप भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी एवं संशोधित प्रासंगिक विनिमय नियंत्रण विनियमों के अनुसार सख्ती से इसका उपयोग करने के लिए अपनी सहमति देते हैं।

15.2. अगर आप भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रा नियंत्रण दिशा-निर्देशों के अनुसार अपनी पात्रता से अधिक लेनदेन करते हैं, तो आपको इसकी सूचना ई-मेल के माध्यम से बैंक को देनी होगी। अगर आर.बी.आई. द्वारा निर्धारित ऐसे किसी भी शुल्क के लिए पासपोर्ट का समर्थन करना आवश्यक है, तो पासपोर्ट का समर्थन प्राप्त करने की जिम्मेदारी पूरी तरह से कार्ड सदस्य की होगी।

15.3 आर.बी.आई. द्वारा जारी मौजूदा मुद्रा नियंत्रण दिशानिर्देशों का पालन करने में किसी भी तरह से असफल रहने पर, कार्डसदस्य के रूप में आप समय-समय पर संशोधित विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 के तहत किसी भी कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होंगे, और बैंक या आर.बी.आई. द्वारा आपको क्रेडिट कार्ड की सुविधा से वंचित कर दिया जाएगा।

15.4. बैंक, वनकंज्यूमर और/या बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाता किसी भी नुकसान या क्षति के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आर.बी.आई. द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार विदेशी मुद्रा अधिकारों से अधिक खर्च करने के कारण शुल्क में कमी के कारण उत्पन्न होता है, जब बैंक को पता चलता है कि आपने अपने अधिकारों से अधिक खर्च किया है।

15.5. यदि कोई लेनदेन भारतीय रुपये के अलावा किसी अन्य मुद्रा में किया जाता है, तो उस लेनदेन को भारतीय रुपये में परिवर्तित कर दिया जाएगा और आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में दिखाया जाएगा। यह रूपांतरण उस तारीख को होगा जिस दिन बैंक के साथ लेनदेन का निपटान किया गया है, जो लेनदेन की तारीख नहीं भी हो सकती है।

15.6. यदि लेन-देन भारतीय रुपये (आईएनआर) में नहीं है, तो मूल लेन-देन राशि को निपटान तिथि पर वीज़ा या किसी अन्य नेटवर्क द्वारा प्रदान की गई दर पर भारतीय रुपये (आईएनआर) में परिवर्तित करके रूपांतरण किया जाएगा। इस राशि पर विदेशी मुद्रा मार्क-अप शुल्क लगाया जाएगा।

15.7. अगर लेनदेन भारत से बाहर स्थित व्यापारी या भुगतान गेटवे पर भारतीय रुपए (आईएनआर) में किया गया हो, तो भी विदेशी मुद्रा मार्कअप शुल्क लगाया जाएगा। **ऐसे लेनदेन को गतिशील मुद्रा रूपांतरण (डी.सी.सी.) लेनदेन के रूप में पहचाना जाता है।**

**16 . शासकीय कानून, अधिकार क्षेत्र, मध्यस्थता और विवादों का समाधान ·**

16.1. भुगतान के लिए किसी व्यापारिक प्रतिष्ठान से प्राप्त कोई भी अनुरोध इस बात का निर्णायक प्रमाण होगा कि आपके द्वारा शुल्क का भुगतान उचित रूप से किया गया है, जब तक कि इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड गुम न हो जाए, चोरी न हो जाए या धोखाधड़ी से उसका दुरुपयोग न हो जाए और इसकी रिपोर्ट उपरोक्त खंड 8 में दिए गए अनुसार न की जाए - जिसे आपको साबित करना होगा।

16.2. किसी भी चार्ज स्लिप पर आपका हस्ताक्षर या आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पिन, वनकार्ड ऐप पिन, आपके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजे गए वन-टाइम-पासवर्ड (ओ.टी.पी.) के इनपुट द्वारा लेनदेन का प्रमाणीकरण या लेनदेन पुष्टिकरण अधिसूचना को स्वाइप करने का इशारा, यानी स्वाइप-टू-पे आपके द्वारा उठाए गए दायित्व का निर्णायक सबूत होगा।

16.3. इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पिन का उपयोग करके ग्राहक सेवा या ऐप के माध्यम से प्राप्त किसी भी सुविधा के मामले में, ऐप पिन या उपयोगकर्ता की आईडी इस बात का निर्णायक प्रमाण होगा कि आपने लेनदेन किया है। बैंक, वनकंज्यूमर और/या बैंक के सेवा प्रदाताओं को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता नहीं होगी कि, आपको खरीदी गई वस्तुएं या सेवाएं प्राप्त हो गई हैं।

16.4. **यदि कार्डधारक विवरण में दिखाए गए किसी शुल्क से असहमत है, तो कृपया हमें इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट की प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर बताएं, अन्यथा यह माना जाएगा कि इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में दर्शाए गए सभी शुल्क सही हैं।**

16.5. बैंक, वनकंज्यूमर और/या बैंक का अधिकृत सेवा प्रदाता भारत के कानूनों के अलावा किसी भी देश के कानूनों का अनुपालन न करने के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई दायित्व स्वीकार नहीं करता है। केवल स्थिति के आधार पर कि, इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग भारत के अलावा किसी अन्य देश में कार्ड-सदस्य द्वारा किया जा सकता है, यह नहीं समझा जाएगा कि उक्त देश के कानून इन नियमों और शर्तों को नियंत्रित

करते हैं। ये नियम भारतीय कानूनों के अनुसार शासित होंगे और भारत के पुणे में स्थित न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र के अधीन होंगे।

16.6 इन नियमों से संबंधित सभी पक्ष, इन नियमों एवं शर्तों के तहत तथा एम.आई.टी.सी. मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 (अधिनियम) के तहत सभी विवादों को पारस्परिक रूप से हल करने के लिए सहमत हैं, जिसे समय-समय पर संशोधित किया जा सकता है। मध्यस्थता का स्थान पुणे होगा। दोनों पक्ष इस बात के लिए भी अपनी सहमति देते हैं कि मध्यस्थता का प्रस्ताव देने वाला पक्ष (पहला पक्ष) अधिनियम की धारा 12 के अंतर्गत दो या अधिक मध्यस्थों के नाम प्रस्तावित करते हुए 2 सप्ताह का नोटिस देगा, जो अधिमानत: सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी या लगभग 15 वर्षों से कार्यरत अधिवक्ता होंगे। . दूसरा पक्ष 2 सप्ताह के भीतर जवाब देगा, या तो प्रस्तावित नामों में से किसी एक को स्वीकार करेगा या सिद्ध पूर्वाग्रह के आधार पर सभी नामों को खारिज कर देगा। उस मामले में, दूसरे पक्ष को मध्यस्थ का नाम प्रस्तावित करने वाले प्रथम पक्ष की ओर से सूचना मिलने से दो सप्ताह के भीतर ऊपर बताई गई श्रेणियों और प्रक्रिया के ऐसे दो या अधिक मध्यस्थों के नाम प्रस्तावित करने की स्वतंत्रता है। अगर दोनों ही पक्ष किसी नाम पर सहमत नहीं होते हैं, तो मध्यस्थता खंड का उपयोग करने वाला पक्ष 'मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996' के प्रावधानों का पालन करते हुए मध्यस्थ की नियुक्ति के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।

दोनों पक्ष इस बात के लिए भी अपनी सहमति देते हैं कि, यदि दूसरा पक्ष, मध्यस्थ के नाम का प्रस्ताव करने वाले प्रथम पक्ष द्वारा भेजे गए नोटिस का दो सप्ताह की निर्धारित समयावधि के भीतर जवाब देने में विफल रहता है या यदि नोटिस इस आधार पर वापस आ जाता है कि दूसरे पक्ष ने स्वीकार करने से इनकार कर दिया है या पता छोड़ दिया है या उस पते पर नहीं मिला है, बिना प्रथम पक्ष को पते में परिवर्तन की सूचना दिए, यदि कोई हो या यदि दूसरा पक्ष, डाक प्राधिकारी द्वारा सूचना दिए जाने के बावजूद नोटिस के लेख का दावा करने में विफल रहता है, तो उस स्थिति में प्रथम पक्ष, प्रस्तावित नामों में से किसी भी उपलब्ध मध्यस्थ को नियुक्त करने का हकदार है और ऐसी नियुक्ति को दोनों पक्षों द्वारा परस्पर स्वीकृत माना जाएगा। दूसरे पक्ष को 1 सप्ताह के भीतर ऐसी नियुक्ति की सूचना दी जाएगी। दोनों पक्षों ने अपनी इच्छा से ऊपर बताई गई प्रक्रिया पर सहमति व्यक्त की है तथा वे किसी भी समय इस संबंध में कोई विवाद नहीं उठाएंगे।

16.7. 16.7 ऊपर बताई गई बातों के प्रति किसी पक्षपात के बिना, बैंक, वनकंज्यूमर या बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि अपने विवेकानुसार कार्डधारक को उपर्युक्त विवादों में से किसी के

निपटान के लिए सुलह कार्यवाही शुरू करने के लिए नोटिस जारी कर सकते हैं, साथ ही जिन मामलों में कार्डधारक ने 60 दिनों से अधिक समय तक बकाया राशि का भुगतान करने में चूक की है।

**17 . वस्तुओं एवं सेवाओं की गुणवत्ता ..**

17.1. बैंक, वनकंज्यूमर और/या बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाता किसी भी तरह से आपके द्वारा व्यापारिक प्रतिष्ठानों से खरीदे गए माल, माल वारंटी या सेवाओं के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे, जिसमें डिलीवरी में देरी, गैर-डिलीवरी, माल की प्राप्ति न होना या आपके द्वारा दोषपूर्ण माल की प्राप्ति शामिल है।

17.2. इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पूरी तरह से आपके लिए सामान खरीदने और/या सेवाओं का लाभ उठाने की सुविधा है, और बैंक, वनकंज्यूमर और/या बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाता माल की गुणवत्ता, वितरण या अन्यथा के बारे में कोई वारंटी नहीं देते हैं या कोई प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

17.3. वस्तु या सेवा से संबंधित किसी भी विवाद या दावे का समाधान आपको सीधे व्यापारिक प्रतिष्ठान के साथ करना होगा। दावे या विवाद की प्रक्रिया जारी रहते हुए आप बैंक को सभी शुल्कों का भुगतान करने के अपने दायित्व से मुक्त नहीं होंगे और आप ऐसे शुल्कों का तुरंत भुगतान करने के लिए सहमत हैं।

**18 . क्रेडिट लेनदेन .**

18.1. किसी खरीदारी के लिए डेबिट और उसके बाद सामान/सेवाओं को रद्द करने के लिए क्रेडिट को दो अलग-अलग लेनदेन माना जाता है।

किसी भी अतिरिक्त शुल्क लगने से बचने के लिए, आपको खरीद लेनदेन के लिए भुगतान करना होगा जैसा कि विवरण में दिखाया गया है।

18.2. रद्द करने पर, धन वापसी (रद्दीकरण शुल्क घटाकर) केवल बैंक द्वारा प्राप्त होने पर ही इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड अकाउंट में जमा की जाएगी। यदि 30 दिनों की अवधि के भीतर इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड अकाउंट में राशि जमा नहीं होती है, तो आप बैंक को ई-मेल या फोन के माध्यम से सूचित कर सकते हैं।

**19 . प्रकटीकरण .**

19.1. क्रेडिट सूचना कंपनी (विनियमन) अधिनियम, 2005 के अनुसार, बैंक आर.बी.आई. द्वारा अधिकृत क्रेडिट सूचना कंपनियों (सी.आई.सी.) के साथ मौजूदा शेष राशि, इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड से जुड़े ऋण/ईएमआई सुविधाएं (यदि लागू हो और/या ली गई हों), इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड/ऋण पर बकाया शेष राशि, भुगतान इतिहास आदि सहित क्रेडिट जानकारी साझा करेगा।

19.2. बैंकों या गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों ("एनबीएफसी") द्वारा वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग पर आर.बी.आई. द्वारा जारी दिशा-निर्देशों सहित सभी विनियामक नियमों, निर्देशों और दिशानिर्देशों का पालन करने की पूरी जिम्मेदारी बैंकों की है। हम बैंकों या एन.बी.एफ.सी. द्वारा वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग पर आर.बी.आई. द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के उल्लंघन में कोई भी सेवा प्रदान नहीं करते हैं।

19.3. आवश्यकता पड़ने पर, बैंक वैधानिक प्राधिकारियों को इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाते का विवरण उपलब्ध कराएगा और/या प्रदान करेगा।

19.4. प्राप्त लेनदेन अलर्ट को लेनदेन पूर्ण होने की पुष्टि नहीं माना जा सकता है।

19.5. अगर आप दूसरे प्रोडक्ट्स के लिए कोई मार्केटिंग कॉल प्राप्त नहीं करना चाहते हैं, तो आप हमें help@getonecard.app पर एक ईमेल भेजकर अपना अनुरोध पंजीकृत कर सकते हैं और साथ ही ऐसे ईमेल में दिए गए सदस्यता समाप्त लिंक के माध्यम से प्रचार/मार्केटिंग ईमेल से ऑप्ट-आउट कर सकते हैं।

19.6. आपको इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लेनदेन और मुख्य सुविधाओं के बारे में सूचना मिलती रहेगी।

19.7 आपके द्वारा प्रस्तुत किए गए केवाईसी दस्तावेजों में किसी भी बदलाव/अपडेट के मामले में, आपको अपडेट किए गए दस्तावेज हमें प्रस्तुत करने होंगे। यह हमारे स्तर पर रिकॉर्ड को अपडेट करने के उद्देश्य से दस्तावेजों में बदलाव के 30 दिनों के भीतर किया जाएगा।

**20 . रिवॉर्ड पॉइंट्स ·**

अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके, आप ऑटोमेटिक तरीके से इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड रिवार्ड्स प्रोग्राम में नामांकित हो जाते हैं। जब आप अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड से लेनदेन करते हैं, तो लेनदेन मूल्य और खरीद श्रेणी के आधार पर रिवॉर्ड पॉइंट आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड अकाउंट में जमा कर दिए जाते हैं। इन रिवॉर्ड पॉइंट्स को जमा किया जा सकता है और आगे किसी दूसरी

खरीदारी के भुगतान के लिए उपयोग किया जा सकता है या समय-समय पर वनकार्ड ऐप में दिखाए गए रोमांचक ऑफ़र के लिए रिडीम किया जा सकता है।

I. रिवॉर्ड पॉइंट्स  प्राप्त करना

a) रिवॉर्ड पॉइंट्स केवल किसी भी श्रेणी में नियमित खरीद पर ही जमा किए जाएंगे।

b) धन हस्तांतरण, किराए के भुगतान, ईंधन की खरीद , नकद निकासी और डिजिटल वॉलेट लोडिंग या टॉप-अप लेनदेन के लिए रिवॉर्ड पॉइंट्स जमा नहीं होंगे। कभी-कभी, जब आप डिजिटल वॉलेट ऐप पर कोई सेवा/प्रोडक्ट खरीदते हैं, जो इन-ऐप खरीदारी भी प्रदान करता है, तो आपको रिवॉर्ड पॉइंट नहीं मिल सकते हैं, क्योंकि इसमें वास्तविक वॉलेट लोड शामिल होता है, जिसका उपयोग व्यापारी को भुगतान करने के लिए किया जाता है।

c) वर्तमान में, आपको 50 रुपये की प्रत्येक खरीद पर 1 रिवॉर्ड पॉइंट मिलेगा।

d) 50 रुपये से कम की खरीद राशि के लिए, आंशिक पॉइंट्स जमा किए जाएंगे। उदाहरण के लिए, यदि आप रिचार्ज पर ₹ 25 खर्च करते हैं, तो 0.5 रिवॉर्ड पॉइंट जमा किए जाएंगे।

e) बोनस रिवॉर्ड: एक महीने में शीर्ष 2 श्रेणियों में वैध और पुष्टि की गई खरीदारी "5X" पुरस्कारों के लिए पात्र हैं, जिसका अर्थ है कि आपको उस महीने के लिए उन श्रेणियों पर 5 गुना रिवॉर्ड पॉइंट प्राप्त होंगे।

- इसकी अर्हता प्राप्त करने के लिए, आपको एक महीने में कम से कम 3 श्रेणियों में खरीदारी करनी होगी। इनमें से शीर्ष 2 श्रेणियां 5 गुना रिवॉर्ड के लिए पात्र होंगी। 6 जनवरी, 2025 से, आपको अर्हता प्राप्त करने के लिए 3 श्रेणियों में से प्रत्येक में Rs.750 का न्यूनतम खर्च करना होगा।
- 5 गुना रिवॉर्ड के कारण मिलने वाले पॉइंट्स अगले महीने के 10वें दिन आपके शेष पॉइंट्स में जमा हो जाएंगे। उदाहरण के लिए, यदि जुलाई में आपकी खरीदारी इसके योग्य है, तो 10 अगस्त को आपके शेष पॉइंट्स  में 5 गुना  पॉइंट्स  जमा किए जाएंगे।

II. रिवॉर्ड पॉइंट्स  को रिडीम करना:

a) यदि आप पुरस्कार अंकों को रिडीम करना चाहते हैं तो कोई शुल्क नहीं लिया जाता है।

b) रिवॉर्ड पॉइंट्स को निम्नलिखित तरीकों से रिडीम किया जा सकता हैः

- प्वाइंट्स के साथ भुगतान: जो आपको पिछले लेनदेन के लिए भुगतान करने की सुविधा देता है
- समय-समय पर लागू होने वाले अन्य प्रस्तावों/लाभों के लिए प्वाइंट्स रिडीम करें।

c) "पे विद पॉइंट्स" सुविधा दो महीने से कम पुराने लेनदेन के लिए उपलब्ध होगी। उदाहरण के लिए, यदि आप 15 जुलाई को खरीदारी करते हैं, तो आप इसे केवल 14 सितंबर तक (उपलब्ध शेष पॉइंट्स के अधीन) पॉइंट्स के साथ चुका सकते हैं।

d) रिडीम करने पर, इस तरह से रिडीम किए गए रिवॉर्ड प्वाइंट्स आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाते में जमा रिवॉर्ड प्वाइंट्स  से स्वचालित रूप से घट जाएंगे।

e) प्वाइंट्स  के साथ भुगतान करने के लिए, लेन-देन पर सीधे स्वाइप करें। .

अगर उपलब्ध प्वाइंट्स अपर्याप्त हैं,, तो इसे दर्शाने के लिए एक संदेश दिखाया जाएगा कि और कितने प्वाइंट्स की जरूरत है।

III. अन्य शर्तें:

a) आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाते में या उससे जमा या डेबिट किए गए रिवॉर्ड प्वाइंट्स  वनकार्ड ऐप पर दिखाई देंगे। आप वनकार्ड ऐप पर अपने द्वारा जमा किए गए रिवॉर्ड प्वाइंट्स को भी देख सकते हैं।

b) हम इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड कार्यक्रम को पूरी तरह या आंशिक रूप से संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। हम पूरी तरह से अपने विवेक के आधार पर रिवॉर्ड पॉइंट रूपांतरण दर,  दिए गए रिवॉर्ड पॉइंट वापस लेने या यहां दिए गए किसी भी नियम व शर्त में बदलाव करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

c) यदि यह इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड रिवार्ड्स प्रोग्राम किसी नियम, विनियमन या आदेश या किसी वैधानिक प्राधिकरण के साथ मतभेद की स्थिति में आता है, तो बैंक के पास उक्त आवश्यकताओं को प्रभावी करने के लिए इस रिवार्ड्स प्रोग्राम को संशोधित या रद्द करने का पूर्ण अधिकार है।

d) रिवॉर्ड प्वाइंट्स की समय-सीमा समाप्त नहीं होती तथा नीचे बताई गई परिस्थितियों के अलावा उनकी वैधता आजीवन रहती है:

- यदि इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग 365 दिनों से अधिक समय तक नहीं किया जाता है, तो जमा रिवॉर्ड प्वाइंट्स रद्द कर दिए जाएंगे।
- यदि इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाता बकाया, निलंबित या डिफॉल्ट है या यदि इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाता धोखाधड़ी से संचालित किया जा रहा है या ऐसा होने का उचित संदेह है, तो बैंक जमा रिवॉर्ड प्वाइंट्स को रद्द या निलंबित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
- कार्डधारक की मृत्यु की स्थिति में, अर्जित किए गए लेकिन उस समय रिडीम नहीं किए गए रिवॉर्ड प्वाइंट्स जब्त कर लिए जाएंगे।

- यदि कार्डधारकों के खाते में गलती से अतिरिक्त रिवार्ड प्वाइंट जमा हो गए हों, तो हमें उन्हें डेबिट करने का अधिकार है। ऐसी स्थिति में, यदि कार्ड सदस्य ने पहले ही रिवॉर्ड पॉइंट का उपयोग कर लिया है और रिवॉर्ड खाते का शेष नकारात्मक हो गया है, तो कार्ड सदस्य नकारात्मक शेष का भुगतान करने और कार्ड बंद करने के समय का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है।

- यदि किसी लेनदेन को धनवापसी/शुल्क वापसी/प्रतिपूर्ति के माध्यम से उलट दिया जाता है, तो लेनदेन की राशि आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाते में वापस जमा कर दी जाएगी। ऐसे मामलों में, उन लेन-देनों पर जमा रिवॉर्ड प्वाइंट्स को बाकी बचे कुल प्वाइंट्स से कम कर दिया जाएगा।

- यदि कोई कार्ड सदस्य उन वाउचरों को रद्द कर देता है जिनका लाभ रिवॉर्ड प्वाइंट्स को रिडीम करने के लिए लिया गया था, तो अंकों को उसी दर पर बैंक के विवेक पर बहाल किया जा सकता है जिस दर पर उन्हें रिडीम किया गया था।

- इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड सदस्यता को बंद करने/समाप्त करने पर, कार्ड सदस्य के खाते में दावा किए जाने वाले किसी भी रिवॉर्ड प्वाइंट्स को जब्त कर लिया जाएगा।

e) यदि आपको प्रदान किए गए उत्पादों/सेवाओं का कोई आपूर्तिकर्ता उन उत्पादों/सेवाओं को वापस लेता है, रद्द करता है, बदलता है या संशोधित करता है तो बैंक, वनकंज्यूमर और/या बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाता जिम्मेदार नहीं होंगे।

f) बैंक, वनकंज्यूमर और/या बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाता इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड रिवार्ड्स प्रोग्राम में भाग लेने वाले व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा प्रदान किए गए उत्पादों/सेवाओं की गुणवत्ता के लिए कोई वारंटी नहीं देते हैं।

g) कृपया ध्यान दें कि प्रत्येक खरीद को कार्ड नेटवर्क यानी वीज़ा / मास्टरकार्ड / रुपे या बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाता द्वारा परिभाषित व्यापारी श्रेणी कोड ("एमसीसी") के आधार पर एक अलग "श्रेणी" सौंपी जाती है। उदाहरण के लिए, भोजन एवं भोजन, खरीदारी, यात्रा, मनोरंजन, किराने का सामान, बिल एवं जनोपयोगी सुविधाएँ, ईंधन, इत्यादि।

6 जनवरी, 2025 से निम्नलिखित खंड [20 (III) (h) से 20 (III) (k)] आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर लागू होंगेः

ज) हमारे नेटवर्क भागीदार से या बैंक द्वारा वर्गीकृत मर्चेंट श्रेणी कोड (एम. सी. सी.) द्वारा परिभाषित शिक्षा, बिल और उपयोगिताओं और बीमा जैसी श्रेणियों में रिवॉर्ड प्वाइंट्स अर्जित

किए जा सकते हैं। इन श्रेणियों के लिए, यदि 5 गुना पुरस्कारों के लिए पात्र हैं, तो इन श्रेणियों के तहत कुल पुरस्कारों के 25,000 अंकों से अधिक नहीं होने पर ही वृद्धिशील पुरस्कारों की पेशकश की जाएगी।

i) लागू कानून, नियम और शर्तों और बैंक की नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, बैंक आपके क्रेडिट कार्ड के उपयोग पर समय-समय पर जांच करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इन जांचों से एक ही विवरण चक्र में स्वीकृत क्रेडिट सीमा से अधिक उपयोग, चुनिंदा व्यापारियों पर असामान्य व्यय, अन्य क्रेडिट कार्ड या ऋण के लिए भुगतान, बचत खातों में स्थानान्तरण, व्यापारियों के साथ संभावित मिलीभगत या गैर-व्यक्तिगत/व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए उपयोग की पहचान हो सकती है। इसके अलावा, अनावश्यक रिवॉर्ड या कैशबैक प्राप्त करने के लिए सुविधाओं, ऑफरों या कार्यक्रमों के दुरुपयोग की भी जांच की जा सकती है।

ऐसे मामलों में, बैंक अपने विवेक से प्रभावित क्रेडिट कार्ड और किसी भी अतिरिक्त कार्ड को रद्द कर सकता है, और कार्डधारक को पहले सूचना दिए बिना अर्जित कैशबैक या रिवॉर्ड को रोक सकता है या रद्द कर सकता है।

बैंक के पास व्यापारी श्रेणियों को उनके लेन-देन व्यवहार और उन व्यापारियों से जुड़े विशिष्ट उपयोग मामलों के आधार पर फिर से वर्गीकृत करने का अधिकार सुरक्षित है। इस प्रकार फिर से वर्गीकरण की स्थिति में, यह उन श्रेणियों के भीतर लेनदेन से संबंधित किसी भी लागू शुल्क या संचयी सीमा स्तर को भी प्रभावित कर सकता है।

j) यदि उपयोग किए गए रिवार्ड पॉइंट्स को रद्दीकरण या मर्चेंट ईएमआई रूपांतरण या निरस्तीकरण के हिस्से के रूप में वसूल किया जाना है, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, उपयोग किए गए रिवार्ड पॉइंट्स के समतुल्य रुपया मूल्य ग्राहक के अगले स्टेटमेंट में जोड़ा जाएगा / जैसा कि बैंक द्वारा तय किया जाएगा और कार्डधारक को इसका भुगतान करना होगा।

k) कार्ड बंद करने के अनुरोध नकारात्मक पुरस्कार अंकों के बराबर राशि का भुगतान करने वाले ग्राहक के अधीन होंगे।

l) इंडियन बैंक, वनकंज्यूमर और/या इंडियन बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाताओं को आपके अतिदेय बिल के बदले आपके रिवार्ड प्वाइंट्स को रिडीम करने का अधिकार है। यह सभी अतिदेय और एन.पी.ए. ग्राहकों के लिए मान्य है।

**21 . रेफरल कार्यक्रम ..**

इस रेफरल कार्यक्रम के नियम और शर्तें उस ग्राहक पर लागू होंगी, जो इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग करता है और वह व्यक्ति जो इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट

कार्ड ("संदर्भित उपयोगकर्ता") में संदर्भित होने के लिए सहमत है। इस रेफरल कार्यक्रम में भागीदारी पूरी तरह से स्वैच्छिक है और यह समझा जाता है कि कार्डधारक द्वारा भागीदारी स्वैच्छिक आधार पर की गई मानी जाएगी।

यह कार्यक्रम 10 नवंबर 2020 और उसके बाद रेफरल लिंक के माध्यम से सक्रिय सभी इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लिए लागू होगा।

21.1. आपके रेफरल लिंक पर क्लिक करके या ऑनबोर्डिंग के दौरान मैन्युअल रूप से अपना रेफरल कोड दर्ज करके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड से जुड़ने वाले प्रत्येक नए उपयोगकर्ता के लिए आपको दो हजार पांच सौ (2,500) बोनस रिवार्ड प्वाइंट प्राप्त होंगे।

21.2 रेफर किए गए उपयोगकर्ता को आपके द्वारा दिए गए लिंक का उपयोग करके वनकार्ड ऐप डाउनलोड करना होगा, या ऑनबोर्डिंग के समय अपना रेफरल कोड दर्ज करना होगा और अपने वर्चुअल इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को सक्रिय करना होगा। आपको केवल रेफर किए गए उन उपयोगकर्ताओं के लिए बोनस अंक प्राप्त होंगे, जो इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को सफलतापूर्वक सक्रिय करते हैं।

21.3. यदि रेफर किया गया कोई उपयोगकर्ता आपके रेफरल लिंक के माध्यम से इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड में शामिल नहीं होता है, तो आपको बोनस प्वाइंट्स नहीं मिलेंगे।

21.4. उपयोगकर्ताओं को रेफ़र करने पर प्राप्त किए गए पॉइंट्स मासिक [5X रिवॉर्ड] बूस्ट के लिए पात्र नहीं होंगे।

21.5. यदि कोई रेफर किया गया उपयोगकर्ता पहले से ही वनस्कोर मोबाइल एप्लिकेशन उपयोगकर्ता है और उसने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन किया है, तो ऐसे रेफर किए गए उपयोगकर्ता को बोनस रिवॉर्ड पॉइंट्स के लिए उपयुक्त नहीं माना जाएगा।

21.6. यदि एक से अधिक कार्डधारक एक ही रेफरेंस प्रदान करते हैं, तो संदर्भित उपयोगकर्ता को दोनों कार्डधारकों से एक रेफरल लिंक प्राप्त होगा और संदर्भित उपयोगकर्ता किसी भी रेफरल लिंक का उपयोग करके आवेदन करना चुन सकता है और फिर उसी कार्डधारक को रिवॉर्ड पॉइंट प्राप्त होंगे।

21.7. रेफरल लिंक केवल 30 दिनों के लिए मान्य होगा। यदि रेफर किया गया कोई उपयोगकर्ता 30 दिनों के बाद जुड़ता है, तो कार्डधारक को इसके लिए पॉइंट नहीं मिलेंगे।

21.8. रेफरल रिवॉर्ड मूल्य और लागू सीमाओं के साथ, रेफर किए गए उपयोगकर्ता को इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारी करने का निर्णय मूल्यांकन नीति के अनुसार पूरी तरह से बैंक के विवेक पर निर्भर होगा।

21.9. महत्वपूर्ण जानकारी: कार्डधारक और रेफर किए गए उपयोगकर्ता के बीच व्यक्तिगत जानकारी साझा करना:

इस रेफरल कार्यक्रम के भाग के रूप में, तथा कार्डधारक को रेफरल लिंक का उपयोग करके सफल रेफरल के लिए पुरस्कार अंक प्राप्त करने में सक्षम होने के कारण, रेफर किए गए उपयोगकर्ता यह स्वीकार करते हैं, समझते हैं तथा सहमत होते हैं कि जब रेफर किए गए उपयोगकर्ता रेफरल लिंक के माध्यम से आमंत्रण स्वीकार करते हैं तथा वर्चुअल इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को सफलतापूर्वक सक्रिय करते हैं, तो कार्डधारक को पता चल जाएगा कि रेफर किए गए उपयोगकर्ता को इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड प्राप्त हो गया है। यदि रेफर किया गया उपयोगकर्ता इस व्यक्तिगत जानकारी को प्रकट करने से बचना चाहता है, तो रेफर किया गया उपयोगकर्ता कार्डधारक द्वारा भेजे गए रेफरल लिंक के माध्यम से आवेदन न करके स्वतंत्र रूप से आवेदन करने का विकल्प चुन सकता है।

इसी प्रकार, रेफरल लिंक भेजकर, कार्डधारक यह स्वीकार करता है, समझता है और सहमत होता है कि रेफर किए गए उपयोगकर्ता को यह पता चल जाएगा कि कार्डधारक को बोनस प्वाइंट्स के रूप में रिवॉर्ड पाने का मौका मिलेगा। यदि कार्डधारक इस जानकारी का खुलासा नहीं करना चाहता है, तो कार्डधारक को रेफरल लिंक नहीं भेजना चाहिए। इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को मंजूर या नामंजूर करने से संबंधित सभी सूचना केवल रेफर किए गए उपयोगकर्ता को दी जाएगी, कार्डधारक को नहीं।

केवल सफल रेफरल होने पर ही कार्डधारक को रिवॉर्ड को रिडीम करने के विवरण के साथ सूचना भेजी जाएगी।

21.10. हम कार्डधारक को इस कार्यक्रम के लाभों से अयोग्य घोषित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं, यदि इस कार्यक्रम के तहत लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से या अन्यथा बॉबकार्ड वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के उपयोग से किसी धोखाधड़ी की गतिविधि की पहचान की जाती है।

21.11. **आप एक दिन में अधिकतम 10 रेफरल, एक महीने में 25 रेफरल और एक कैलेंडर वर्ष में 100 रेफरल के लिए बोनस रिवॉर्ड प्वाइंट अर्जित कर सकते हैं।**

21.12. लागू कानूनों के अनुसार समय-समय पर रेफरल कार्यक्रम और नियमों और शर्तों को बदलने, निलंबित करने या संशोधित करने का एकमात्र विवेकाधिकार बैंक के पास है।

**22 . नियम और शर्तें ·**

22.1. इन शर्तों , एम. आई. टी. सी., प्रासंगिक क्रेडिट कार्ड दिशानिर्देश और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की एक सॉफ्ट कॉपी सभी बैंक की वेबसाइट और www.getonecard.app पर भी उपलब्ध हैं। बैंक के पास इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर प्रस्तावित किसी भी नियम, विशेषताओं और लाभों में संशोधन या पूरक करने का पूर्ण विवेकाधिकार होगा, जिसमें बिना किसी सीमा के, ऐसे परिवर्तन शामिल हैं जो किसी भी समय मौजूदा शेष राशि, ब्याज शुल्क या दरों और गणना के तरीकों को प्रभावित करते हैं।

22.2. आप इन संशोधित शर्तों के तहत किए गए सभी शुल्कों और अन्य सभी दायित्वों के लिए उत्तरदायी होंगे, जब तक कि इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के तहत सभी राशियों का पूरा भुगतान नहीं किया जाता है। बैंक, वनकंज्यूमर और/या बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाता www.getonecard.app पर इसे होस्ट करके संशोधित शर्तों को भेज कर सकते हैं।

22.3. आप इन शर्तों की नियमित समीक्षा करने के लिए जिम्मेदार होंगे, जिसमें वेबसाइट पर पोस्ट किए गए संशोधन भी शामिल हैं और इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग जारी रखते हुए संशोधित शर्तों को स्वीकार कर लिया गया माना जाएगा।

22.4. नियमों में किसी भी परिवर्तन की सूचना, आपको उपरोक्त तरीके से उनके लागू होने की तिथि से एक माह पहले दी जाएगी।

**23. ऋण समनुदेशन**

बैंक या बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाता को कार्डधारक को संदर्भ या सूचना दिए बिना, इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि और देयताओं को अपनी पसंद के किसी भी तीसरे पक्ष को, पूर्णतः या आंशिक रूप से, किसी भी तरीके से हस्तांतरित, आवंटित और बेचने का अधिकार होगा।

ऐसी किसी भी बिक्री, समनुदेशन या हस्तांतरण के बावजूद, बैंक, एक उपभोक्ता या बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाता को कार्डधारक के खिलाफ कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा। कार्डधारक ऐसे किसी भी समनुदेशन, बिक्री या हस्तांतरण और बकाया राशि की वसूली के कारण होने वाले सभी लागतों और खर्चों के लिए उत्तरदायी होगा।

* * * * * * * * * * समाप्त* * * * * * * * *